संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
03 दिसंबर 2024, मंगलवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 67
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
संताल एक्सप्रेस

झारखंड रे मौसम ओ़नो़रे़ल बो़दो़ल एना, 4 दिसंबर खो़न ज़ासती राबाङ होय दाड़ेयाक्आ

रांची। झारखंड रे रांची घालो़क् पो़नो़त रेयाक् आयमा टोठा रे फेंगल चक्रवात रेयाक् असर ञेलो़क् काना। नोआ ओ़जे ते सेताक् खो़न गे सेरमा रे धुंध आर हालका रिमिल राकाप् आकाना। नोआ ताला सो़हो़र रे टापारटिपीर हों ञेल दाड़ेयाक्आ। नो़ते, तिकिन हों राबाङ तानाक्आ। झारखंड रेयाक् सोमवार हिलोक् खो़न सेरमा रेरिमिल राकाप् दाड़ेयाक्आ। नोआ ओ़कते ज़ासतीकाय तापमान 24 डिग्रीसेल्सियस आर को़मउता़र तापमान 16 डिग्री सेल्सियस ताहें दाड़ेयाक्आ।

रांची । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात कर राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी

भारत-बांग्लादेश सीमा पर सैकड़ों हिंदू साधु-संतों का प्रदर्शन

अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने और आध्यात्मिक गुरु की रिहाई की मांग

एजेंसी

कोलकाता । बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों, अत्याचारों को रोकने और आध्यात्मिक गुरु चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग को लेकर पश्चिम बंगाल के सैकड़ों साधु-संतों ने सोमवार को भारत-बांग्लादेश सीमा पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल बॉर्डर पर हुआ, जिसमें अखिल भारतीय संत समिति के नेतृत्व में कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। साधु-संतों ने भारतीय और बांग्लादेशी सरकारों से आग्रह किया कि वे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते हमलों और अत्याचार पर तत्काल कार्रवाई करे।

बांग्लादेश की स्थिति पर ममता ने जताई चिंता, कहा-केंद्र सरकार उठाए स्पष्ट कदम

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से इसके समाधान के लिए स्पष्ट कदम उठाने की मांग की है। सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या विदेश मंत्री. एस जयशंकर से संसद में इस मुद्दे पर बयान देने की मांग की। साथ ही, ममता ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार बांग्लादेश में शांति स्थापित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से संपर्क कर शांति सैनिकों की तैनाती सुनिश्चित करे। ममता बनर्जी ने इस स्थिति को देखते हुए कहा कि केंद्र सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार केंद्र के दिशा-निर्देशों का पालन करेगी लेकिन बांग्लादेश में स्थिरता के लिए केंद्र को सक्रिय कदम उठाने चाहिए।

राज्य में विकास कार्यों को गति देनी है और राजस्व संग्रहण भी बढ़ाना है : मुख्यमंत्री

सभी विभाग राजस्व संग्रह बढ़ाने का एक्शन प्लान तैयार करें

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में विकास कार्यों को गति देनी है और राजस्व संग्रहण को भी बढ़ाना है। ऐसे में सभी विभाग राजस्व उगाही में तेजी लाने के साथ अतिरिक्त राजस्व संग्रहण के नए स्रोतों के लिए संभावनाओं को तलाशें।

सोरेन सोमवार को झारखंड मंत्रालय में विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव, सचिव के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से परे शुरू की गई नई योजनाओं के अतिरिक्त दायित्वों की पूर्ति एवं वित्तीय वर्ष 2024- 25 के अनुपूरक बजट की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को ये निर्देश दिए।

राजस्व प्रबंधन को मजबूत बनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व प्रबंधन को मजबूत बनाएं। इसके साथ राजस्व की बर्बादी तथा स्थापना व्यय को

नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि रेवेन्यू जनरेट सिस्टम का माइक्रो लेवल ऑब्जरवेशन कर इसकी खामियों को दूर करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग राजस्व संग्रहण का एक्शन प्लान तैयार करें।

राजस्व संग्रहण से जुड़े विभागों में समन्वय जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार विभागों के बीच को-ऑर्डिनेशन नहीं होने से राजस्व संग्रहण की गति धीमी हो जाती है और लक्ष्य के हिसाब से राजस्व संग्रहण नहीं हो पता है। ऐसे में इस समस्या के समाधान के लिए सभी विभाग आपस मे समन्वय बनाकर राजस्व संग्रहण के कार्य को करें। इसके लिए जिलों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

राजस्व देने वाले एजेंसियों को बिजनेस मॉडल बनाएं

मुख्यमंत्री कहा कि कई विभागों में ऐसी कई एजेंसी, बोर्ड और निगम हैं जो राजस्व का बेहतर माध्यम साबित हो सकते हैं। ऐसी एजेंसियों को बिजनेस मॉडल के रूप में स्थापित करें, ताकि वे अपने कार्यों का विस्तार कर सकें। इससे राज्य को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कई उद्योग और कंपनियां कार्य कर रही हैं। इनके द्वारा सीएसआर मद से कई जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है।

निर्मला सीतारमण और विजय रूपाणी को महाराष्ट्र विधायक दल का पर्यवेक्षक नियुक्त किया

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव की निगरानी के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी देने के साथ ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब सीतारमण और विजय रूपाणी की निगरानी में चार दिसंबर को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता का चुनाव होगा। भाजपा पहले ही घोषणा कर चुकी है कि नई सरकार 5 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आजाद मैदान में शाम 5 बजे शपथ लेगी।

आदिम जनजाति और पहाड़िया समाज के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष समिति का गठन करे राज्य सरकार : बाबूलाल

संवाददाता

रांची । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सलाह देते हुए राज्य के आदिम जनजातियों विशेषकर संथाल परगना क्षेत्र में निवास करने वाली पहाड़िया समाज की सामाजिक आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त की है।

मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को लिखा कि झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेष रूप से पहाड़िया समाज की आर्थिक और सामाजिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। आज भी यह समुदाय

विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है और बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इनके गांवों तक आवागमन के लिए न तो सड़कों की उचित पहुंच है और न ही इन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल पाता है।

उन्होंने लिखा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पीने का पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी घोर अभाव है। कुपोषण, एनीमिया, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां इनके जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं। मरांडी ने कहा कि पहाड़िया समाज के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ भी अधिकतर बिचौलिए हड़प लेते हैं।

उन्होंने लिखा है कि इन पहाड़ी क्षेत्रों में उनके लगातार दौरे में पहाड़िया समाज कि दयनीय स्थिति को देखकर यह साफ जाहिर होता है कि उनकी हालत बेहद चिंताजनक है।

मरांडी ने लिखा है कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी आदिम जनजाति समाज कि ऐसी स्थिति राज्य के लिए चिंताजनक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेषकर पहाड़िया समाज के समग्र उत्थान के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाए। समिति के जरिये किए गए सर्वेक्षण और सिफारिशों के आधार पर एक वर्ष की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके।

पूर्व मंत्री आलमगीर की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

संवाददाता

रांची । टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। मामले में आरोपितों पर आरोप गठित होना है।

इससे पहले खुद पर लगे आरोप को मुक्त कराने के लिए आरोपितों के जरिये डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया है। मामले में ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम

और उनके परिजन सहित कई सहयोगियों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है। 15 मई को ईडी ने आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से वे जेल में बंद है। टेंडर आवंटन में कमिशन लेने का उनपर आरोप है। टेंडर कमीशन घोटाला मामले को लेकर ईडी ने सबसे पहले 21 फरवरी, 2023 को बड़ी कार्रवाई की थी। निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रांची जमशेदपुर पटना और दिल्ली सहित कई ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद वीरेंद्र राम सहित अन्य को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी की दूसरी बड़ी कार्रवाई 6 और 7 मई को हुई थी। इसमें कई इंजीनियर, कांट्रेक्टर ठेकेदार और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी।

दुमका में युवती ने की खुदकुशी

संवाददाता

दुमका । 18 वर्षीय युवती संध्या कुमारी ने घर में पंखे से साड़ी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। यह घटना सोमवार को दुमका शहर के हरणाकुंडी रोड केवटपाड़ा मुहल्ले में हुई। घटना के वक्त घर में केवल उसकी मां थी।

संध्या कुमारी के पिता प्रभात साह शहर के एक निजी विद्यालय में बस के चालक है। पिता का कहना है कि वे ड्यूटी पर चले गये थे। उसकी बेटी और पत्नी घर पर ही थी। इसी बीच सूचना मिली कि उनकी बेटी ने घर के अंदर पंखे से लटककर जान दे दी है। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। वे दौड़े भागे घर आए और दूसरे दरवाजे को किसी तरह से खोलकर कमरे के अंदर गए। अंदर में देखा कि बेटी ने पंखे से लटककर जान दे दी है। बेटी की आत्महत्या करने के कारण का पता नहीं चला है।

घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए पीजेएमसीएच भेजवाने की तैयारी कर रही थी कि उसके पिता एवं परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पिता ने नगर थाना की पुलिस को लिखित आवेदन दिया और कहा कि बेटी के शव का वे लोग पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते है। पिता के लिखित आवेदन पर पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को उसके परिजनों को सौंप दिया।

कांग्रेस कोटे से मंत्री पद के लिए झारखंड से दिल्ली तक हलचल, मुख्यमंत्री से मिले रामेश्वर उरांव

संवाददाता

रांची । कांग्रेस कोटे से मंत्री पद के लिए झारखंड से दिल्ली तक हलचल मची हुई।अब तक सस्पेंस बरकरार है। सियासी गलियारों में इस बात की भी चर्चा हो रही है कि मंत्रिमंडल के गठन नहीं होने के कारण संदेश अच्छा नहीं जा रहा है।कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष फिलहाल दिल्ली में ही हैं।जानकारी के अनुसार, मंगलवार तक मंत्री पद के नामों पर अंतिम मुहर लग जाएगी। मंत्री पद की लॉबिंग के लिए कांग्रेस के कई विधायक भी दिल्ली में जमे हैं।जानकारी के अनुसार, पाकुड़ से चुनाव जीत कर आई आलमगीर आलम की पत्नी निशत आलम और इरफान अंसारी के बीच मामला फंसा हुआ है। आलमगीर आलम अपनी पत्नी के लिए जबरदस्त पैरवी कर रहे हैं।निशत आलम ने रिकॉर्ड वोट से जीत हासिल की है।वहीं प्रदीप यादव और अनूप सिंह में से किसी एक को मंत्री बनाए जाने की संभावना है।फिलहाल जो बातें सामने आ रही हैं, उसके अनुसार डॉ रामेश्वर उरांव और दीपिका पांडेय सिंह को फिर से मंत्री बनाया जा सकता है।इधर पूर्व मंत्री सह कांग्रेस विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने सोमवार को कांके स्थित मुख्यमंत्री आवास में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की।जानकारी के अनुसार, दोनों के बीच कई मुद्दों पर भी बातचीत हुई है। हालांकि सीएमओ ने इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है।

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने राहुल गांधी से की मुलाकात

रांची । झारखंड प्रदेश के प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार को प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी से दिल्ली में मुलाकात की। साथ ही पुष्प गुच्छ देकर जीत की बधाई दी।

हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर भारत की कड़ी नजर : नौसेना प्रमुख

भारत अगले 2 महीनों के भीतर 26 राफेल लड़ाकू विमानों और 3 पनडुब्बियों का सौदा पूरा करेगा

एजेंसी

नई दिल्ली । नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि भारतीय नौसेना की हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीन की गतिविधियों पर कड़ी नजर है। हमने चीनी नौसेना इकाइयों सहित हिंद महासागर क्षेत्र में सक्रिय अतिरिक्त क्षेत्रीय बलों की गतिविधियों पर भी कड़ी नजर रखे हुए है। चाहे वे उनके युद्धपोत या अनुसंधान पोत हों। पैनी नजर रखने की वजह से ही हम जानते हैं कि कौन कहां और कैसे क्या कर रहा है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारत

अगले दो महीनों के भीतर भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल लड़ाकू विमानों और तीन अतिरिक्त भारत निर्मित स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के सौदे को पूरा करेगा।

नौसेना दिवस की ?वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आज एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि 29 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट को नौसेना के बेड़े में शामिल किया है, जो हमारे परमाणु त्रिकोण का तीसरा चरण है। उन्होंने कहा कि फ्रांस के साथ प्रस्तावित राफेल मरीन लड़ाकू विमान सौदे की बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है और अब इसे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के पास ले जाना बाकी है। चूंकि, यह सरकार से सरकार के बीच का सौदा है, इसलिए इसमें ज्यादा समय नहीं लगेगा। भारतीय नौसेना को अगले महीने तक राफेल-मरीन और तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के सौदे पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

नौसेना प्रमुख से जब पूछा गया कि क्या चीन निकट भविष्य में हिंद महासागर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी होगा, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि आपने चीन के बारे में सुना होगा कि वह खुद को मध्य साम्राज्य कहता है। एक किताब द हंड्रेड-ईयर मैराथन में बताया गया है कि चीनी लोग क्या बनना चाहते हैं। उनका एक सपना है कि वे विश्व शक्ति बनना चाहते हैं। हम ऐसा होते हुए देख रहे हैं। हमारा मानना है कि यह प्रशांत महासागर में और अधिक स्पष्ट होगा और हम यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी कर रहे हैं कि हमारे हिंद महासागर क्षेत्र में हमारे हितों पर कोई असर न पड़े। वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी नौसेना के कई युद्धपोत और पनडुब्बियां चीन के सहयोग से बनाई जा रही हैं।

मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या बढ़ाए जाने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती, निर्वाचन आयोग को नोटिस

एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या बढ़ाए जाने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने आयोग को तीन हफ्ते में हलफनामा दायर करने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 27 जनवरी, 2025 को होगी।

इंदू प्रकाश सिंह ने एक याचिका दायर कर में प्रत्येक मतदान केन्द्र (पोलिंग स्टेशन) पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 से बढ़कर 1500 किए जाने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी है।

डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच के लिए कमेटी की मांग पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में साइबर और डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच और निगरानी के लिए ठोस मैकेनिज्म बनाने और सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में कमेटी बनाए जाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ संजीव खन्ना ने सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि इस मामले पर सरकार भी विचार कर रही है। आपके पास कोई सलाह हो तो सरकार से साझा करें। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया था कि साइबर ठगी का शिकार सिर्फ आम आदमी ही नहीं बल्कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जज भी हो रहे हैं। याचिका में कहा गया था कि पिछले दिनों कई ऐसे मामले सामने आए, जहां रिटायर्ड जज के साथ सिटिंग जज के नाम पर भी ठगी हुई है। यहां तक कि ठगों ने पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नाम का सहारा लेकर एक बिजनेसमैन से सात करोड़ रुपये ठग लिए गए। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि वह खुद भी इसका शिकार हुआ है।

अधिक से अधिक कामों को धरातल पर उतारने का लक्ष्य : हेमंत

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सभी विभागों के पदाधिकारियों और सचिवों के साथ बैठक में बजट की तैयारी, चल रहे कामों की स्थिति, सरकार के काम पर नजर दौड़ाये गये हैं। सभी विभागों के साथ अलग-अलग बैठक कर समीक्षा करेंगे। सोरेन सोमवार देर शाम प्रोजेक्ट

भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैसे विकास की गति को तेज किया जा सके और इसके लिए क्या-क्या चीजों की आवश्यकता है। इन सब चीजों पर हमलोग आगे कैसे काम करेंगे। जैसे ही सरकार कर पूरा गठन हो जाता है सभी लोग तैयारी शुरू कर दें। ऐसा निर्देश था हमारा। अब समय का सदुपयोग अधिक से अधिक कामों को धरातल पर उतारने का लक्ष्य हमने दिया है। लगातार सभी चीजों पर सभी लोगों की नजर होनी चाहिए। जहां कोई समस्या हो, उनसे अवगत कराया जाये और समाधान निकाला जाये।

राज्य को आगे बढ़ाने के लिए, रोजगार के लिए, लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए, लोगों तक आनाज पहुंचाने के लिए सहित अन्य विषयों पर बातचीत हुई।

एक सवाल के जवाब में पश्चिम बंगाल में झारखंड के लिए लोड किये गये आलू के रोकने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य सचिव को इसके लिए निर्देश दिये गये है। आगे जरूरत पड़ी तो बातचीत की जायेगी।

झारखंड विस चुनाव में हारी सीटों पर कांग्रेस करेगी समीक्षा, जिलावार समितियां गठित

दुमका एवं देवघर, विधानसभा क्षेत्र- जरमुंडी संयोजक- राजीव रंजन प्रसाद, सदस्य- अमूल्य नीरज खलखो, डॉ. एम. तौसीफ।

संवाददाता

रांची । झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 में कांग्रेस ने जिन सीटों पर हार का सामना किया है, उनकी समीक्षा के लिए प्रदेश कांग्रेस ने पहल शुरू कर दी है।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने सोमवार को कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जिलावार वरिष्ठ कांग्रेसजनों की समितियां गठित की हैं। इन समितियों को हार की परिस्थितियों और कारणों का विश्लेषण करने का जिम्मा सौंपा गया है। समितियां जिलाध्यक्षों, प्रखंड और मंडल स्तर के नेताओं और संबंधित संगठनों के साथ बैठक करेंगी। समितियां जिलास्तरीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर हार के पीछे के राजनीतिक, सामाजिक और क्षेत्रीय कारणों का विश्लेषण करेंगी। पार्टी नेतृत्व को सुझाव और सिफारिशें प्रस्तुत की जाएंगी ताकि भविष्य में रणनीतिक सुधार किए जा सके।

जिलावार समितियां और उनके संयोजक

-हजारीबाग में विधानसभा क्षेत्र- हजारीबाग, बड़कागांव, बरही, मांडू- संयोजक- बंधु तिर्की, सदस्य- सुल्तान अहमद, रविन्द्र कुमार झा।

-धनबाद विधानसभा क्षेत्र- धनबाद, झरिया, बाघमार, संयोजक- शहजादा अनवर, सदस्य- अशोक चौधरी, जयशंकर पाठक।

-पलामू विधानसभा क्षेत्र- डाल्टेनगंज, विश्रामपुर, पांकी, संयोजक- रविन्द्र सिंह, सदस्य- भीम कुमार, बिनय सिन्हा दीपू।

-पूर्वी सिंहभूम विधानसभा क्षेत्र- जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, संयोजक- ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, सदस्य- रमा खलखो, आलोक कुमार दूबे।

-दुमका एवं देवघर, विधानसभा क्षेत्र- जरमुंडी संयोजक- राजीव रंजन प्रसाद, सदस्य- अमूल्य नीरज खलखो, डॉ. एम. तौसीफ।

-रांची विधानसभा क्षेत्र- हटिया संयोजक- रामाश्रय प्रसाद, सदस्य- अजय सिंह, जवाहर लाल महथा।

विधानसभा चुनाव के दौरान राष्ट्र विरोधी शक्तियों की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच हो : प्रतुल

संवाददाता

रांची । भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में राष्ट्र विरोधी शक्तियां सक्रिय रही। प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से भाकपा माओवादियों ने बयान जारी करके भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन की हार पर झारखंड की जनता को बधाई दी है, यह बहुत ही संदिग्ध है।

प्रतुल ने सोमवार को कहा कि मीडिया के अनुसार माओवादियों के पूर्वी रीजनल ब्यूरो के मुख्य प्रवक्ता आजाद ने बयान जारी कर भाजपा की हार पर हर्ष व्यक्त किया है। प्रतुल ने कहा कि का यह बेहद ही संदिग्ध मामला है क्योंकि इन्हीं नक्सलियों ने चुनाव से पहले पूरे प्रदेश में पर्चे बाँट कर चुनाव के बहिष्कार का आह्वान

किया था। जो संगठन चुनाव में विश्वास नहीं रखता, वह किसी दल विशेष की पराजय से इतना खुश कैसे हैं?

प्रतुल ने कहा, क्या चुनाव के समय ऐसे संगठनों ने पर्दे के पीछे से कोई बड़ा षड्यंत्र किया है? प्रतुल ने कहा कि आज तक ऐसा पूर्व में कभी नहीं हुआ है। जब माओवादी जैसे देश की एकता और अखंडता पर प्रहार करने वाले प्रतिबंधित संगठन ने किसी के चुनाव हारने पर ऐसी प्रतिक्रिया दी हो।इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है।

प्रतुल ने कहा कि इसी तरीके से अवैध गतिविधियों में लिप्त कई एनजीओ की भूमिका भी संदिग्ध रही। राष्ट्र विरोधी कार्यों में लगे फॉरेन फंडिंग से फल-फूल रहे इन एनजीओ ने जमकर भाजपा या गठबंधन के प्रत्याशियों को हराने के लिए कार्य किया। ऐसे एनजीओ का उद्देश्य आम आदमी की सेवा करना ना होकर राजनीति में सीधा हस्तक्षेप होता है जो की दुर्भाग्यपूर्ण है।

प्रतुल ने कहा कि भाजपा इससे पूर्व भी कई बार धर्मांतरण सहित कई गलत चीजों को बढ़ावा देने वाली एनजीओ की जांच की मांग कर चुकी है।

एक बार फिर से धनबाद रेल मंडल ने माल ढुलाई में सबसे अधिक कमाई का बनाया रिकॉर्ड

धनबाद । धनबाद रेल मंडल एक बार फिर अप्रैल से नवंबर तक सबसे अधिक माल ढुलाई कर देश मे सबसे कमाऊ रेल मंडल का दर्ज बनाए रखने में कामयाबी हासिल की है। इसके साथ ही यात्री सुविधा में भी कई अहम कार्य किए जा रहे हैं।धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने जानकारी देते हुए कहा कि एक बार फिर धनबाद रेल मंडल ने सबसे ज्यादा 125.95 मिलियन टन माल ढुलाई कर धनबाद रेल मंडल आय के मामले में देश का सर्वश्रेष्ठ रेल मंडल बने रहने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने बताया कि नवंबर माह तक धनबाद रेल मंडल ने 2087 करोड़ रुपये का आय किया है। वहीं दूसरे नंबर पर रहे बिलासपुर रेल मंडल ने 122.06 मिलियन टन माल की ढुलाई किया है।उन्होंने बताया कि इसके अलावा टिकट चेकिंग से भी यात्रियों में जागरूकता आई है।जिस वजह से टिकट खरीद में भी यहाँ 10 प्रतिशत की व्रिद्धि हुई है। वहीं यात्री सुविधाओं को देखते हुए नई ट्रेन देने समेत नई स्टॉपेज, रेल कोच, रेस्टोरेंट सहित आरयूबी-आरओबी जैसे कार्य जारी हैं।

रोहित हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

रांची । दुर्गा पूजा के दौरान रोहित तिर्की की पीट-पीटकर हत्या करने वाले दो आरोपितों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते दो आरोपितों मंतोष कुमार उर्फ मंटू और आयुष राज उर्फ अंकित कुमार को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत 11 अक्टूबर को रोहित दुर्गा पूजा घूमने के लिए गया हुआ था। पूजा के दौरान कुछ आपराधिक किस्म के युवकों से उसका विवाद हो गया। विवाद के बाद युवकों ने रोहित के साथ मारपीट की। मारपीट में रोहित बुरी तरह से जख्मी हो गया। रोहित को अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। रोहित की हत्या से आक्रोशित परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर शव के साथ लालपुर चौक को जाम कर दिया था। एसपी ने बताया कि इस संबंध में लालपुर थाना निवासी मृतक के भाई मोहित तिर्की के बयान के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने अनुसंधान में आये तथ्यों के आधार पर और तकनीकी सहयोग से पंडरा ओपी क्षेत्र के पिस्का मोड़ स्थित विकास नगर में छापेमारी कर मंतोष कुमार उर्फ मंटू और आयुष राज उर्फ अंकित कुमार को गिरफ्तार किया। अन्य शामिल फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

एसकेएमयू में सातवें वेतनमान भुगतान की मांग को लेकर हड़ताल जारी

दुमका। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में सातवें वेतनमान, एसीपी व एमएसीपी की भुगतान की मांग को लेकर विश्वविद्यालय में लगातार छठा दिन भी शिक्षकेतर कर्मियों के हड़ताल सह तालाबंदी कार्यक्रम शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष परिमल कुंदन अध्यक्षता में अब तक जारी है। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता कर रहे हैं महासंघ के महासचिव नेतलाल मिर्धा ने कहा की आज राज्य के कई विश्वविद्यालय में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का भुगतान किया जा रहा है पर सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय एकमात्र विश्वविद्यालय है जहां पर तो सातवाँ वेतन के प्रति विश्वविद्यालय प्रशासन गंभीर नहीं है। इससे पहले भी सातवां वेतन एवं विभिन्न मांगों को लेकर हम लोग विश्वविद्यालय में चरणबद्ध आंदोलन का कार्यक्रम किए थे। पर नतीजा कुछ भी नहीं मिला सिर्फ विश्वविद्यालय के द्वारा सिर्फ हमें सभी कर्मियों को आश्वासन ही आश्वासन मिला इसके अलावा कुछ नहीं। उन्होंने बताया कि संघ के अध्यक्ष और कुछ सदस्य रांची गए हुए हैं वार्ता के लिए वहां से आने के बाद ही आगे का निर्णय लिए जाने की संभावना है।

ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार तीन घायल

रानीश्वर । रविवार के देर शाम मोहलबोना के मांझी टोला के जिला परिषद सदस्य लेखन मुर्मू के घर के पास सीमेंट लदा एक बिना नम्बर प्लेट के ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को लेखन को कल देर शाम में जिम्मा लगा दिया है ।

संदिगध स्थिति में मिली विवाहिता की लाश

गिरिडीह । धनवार थाना क्षेत्र के लखठाही गांव में 23 वर्षीय विवाहिता शाहजादी खातून का शव संदिग्ध हालत में उसके घर के बेड पर पड़ा मिला। घटना के बाद मृतका के मयकों वालों में हड़कंप मच गया और वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। मृतका के पिता मो. सद्दीक ने मृतका के पति एवं ससुराल वालों ने दहेज के खातिर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर धनवार थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार पाल सदल बल गांव पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने प्राथमिक जांच में मृतका के पति को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से हिरासत में लिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है। घटना के बाबत धनवार थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार पाल ने बताया कि विवाहिता की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। मृतका के पिता के बयान एवं स्थानीय ग्रामीणों से पूछ ताछ में मिली जानकारी के आलोक में मृतका के पति को हिरासत में लिया गया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

लेवी लेने की योजना बनाते दो अपराधी गिरफ्तार

लातेहार । जिला पुलिस ने रंगदारी व लेवी लेने की योजना बनाते हुए दो आपराधिक गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया।इसकी जानकारी बालुमाथ एसडीपीओ बिनोद रवानी ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि एसपी कुमार गौरव को सूचना मिली थी कि जिले के हेरहंज और पांकी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती जंगल में संगठित आपराधिक गिरोह के सदस?य एकत्रित होकर क्षेत्र से रंगदारी व लेवी लेने की योजना बना रहे हैं। सूचना की सत्यापन के बाद एक छापामारी टीम बना कर क्षेत्र में छापामारी की गयी।इस टीम ने परमेंद्र राम उर्फ गुड्डू पांकी, पलामू और कमलेश यादव सेरनदाग हेरहंज को गिरफ्तार किया।

झारखंड में अबुआ आवास योजना : 4.5 लाख घरों का लक्ष्य, प्रगति धीमी

संवाददाता

रांची । झारखंड सरकार ने अबुआ आवास योजना के तहत 4.5 लाख परिवारों को तीन कमरों वाले पक्के मकान आवंटित करने का लक्ष्य रखा है। हालांकि योजना की धीमी प्रगति चिंता का विषय बनी हुई है।चालू वित्त वर्ष में अब तक केवल 66.79त्न (3,00,574) आवास स्वीकृत हुए हैं, जबकि मात्र 44.27त्न लाभार्थियों को पहली किस्त दी गई है।वहीं पिछले वित्तीय वर्ष में 2 लाख मकानों का आवंटन किया गया था, लेकिन इनमें से केवल 2240 मकान (1.12त्न) ही पूरे हो सके। चालू वर्ष में भी निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है और अब तक केवल 2919 मकानों का काम पूरा हुआ है।योजना के लाभुकों के चयन में सबसे फिसड्डी जिला में रांची, देवघर और गोड्डा शामिल है।कहा जा रहा है कि प्रशासनिक

लापरवाही और चुनाव कार्यों में व्यस्तता के कारण इन जिलों में लक्ष्य पूरे नहीं हो सके, लेकिन पिछले वित्त वर्ष के योजना की सुस्ती आफसरों की कार्यशैली बयां करता है।सरकार अब लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर आवास आवंटित करने की तैयारी में है।योजना में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। अगले वर्षों में लक्ष्य हासिल करने के लिए निगरानी और कार्यान्वयन प्रक्रिया में सुधार करने की हिदायत विभाग के स्तर पर दी गयी है।

सड़क दुर्घटना में महिला अधिवक्ता की मौत, सड़क पर लगाया जाम

संवाददाता

धनबाद । झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ के समीप सोमवार की शाम पेलोडर की चपेट में आकर एक महिला अधिवक्ता की मौत हो गई। मृत अधिवक्ता की पहचान जोरापोखर थाना क्षेत्र के डिगावाडीह निवासी श्याम वर्मा की पत्नी नेहा वर्मा के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि महिला धनबाद कोर्ट से अपना कार्य खत्म कर अपने पति श्याम वर्मा के साथ बाइक संख्या (जेएच 10 सीएच-8531) से वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान उनकी बाईक कतरास मोड़ के समीप एक पेलोडर संख्या (जेएच 10 एफ-7252) की चपेट में आ गई, जिससे घटनास्थल पर ही महिला अधिवक्ता की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। भारी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही मृतका के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर रोक और मुआवजा की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। फिलहाल झरिया पुलिस मौके पर पहुंच लोगों को शांत कराने में जुटी हुई है।

22 दिसंबर को प्रेस क्लब की वार्षिक आम सभा

रांची । रांची प्रेस क्लब राची कार्यकारीणी की बैठक सोमवार को अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन की अध्यक्षता में हुई।बैठक में अहम विषयों पर चर्चा करते हुए कई निर्णय लिये गए। जिसमें 10 दिसंबर 2024 से मेंबरशिप सदस्यता शुल्क जमा करने की प्रक्रिया शुरू होगी। सदस्यता शुल्क एवं अन्य बकाया राशियों की भुगतान 25 दिसंबर तक किया जा सकेगा।इसके लिए मेंबरशिप रिव्यू कमेटी का गठन किया गया।

झामुमो विधायक अनंत प्रताप देव के काफिले की 6 गाड़ियां आपस में टकराईं, तीन वाहन क्षतिग्रस्त

संवाददाता

गढ़वा । गढ़वा जिले में झामुमो के नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव के काफिले की कई गाड़ियां आपस में टकरा गई।यह हादसा भवनाथपुर-श्रीबंशीधरनगर मुख्य पथ पर वन डिपो के पास हुआ। काफिले में शामिल छह गाड़ियां एक-दूसरे से भिड़ गई, जिसमें तीन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि दुर्घटना में किसी को चोट नहीं आई।विधायक अनंत प्रताप देव पूजा-पाठ के लिए केतार मंदिर जा रहे थे। इस दौरान उनके साथ एक दर्जन से अधिक गाड़ियों का काफिला चल रहा था।इसी बीच श्रीबंशीधरनगर अनुमंडल अध्यक्ष ग्यासुद्दीन अंसारी की स्कॉर्पियो प्रखंड उपाध्यक्ष मिथिलेश सिंह की कार और यदपुरा निवासी रामनाथ राम की कार हादसे में क्षतिग्रस्त हुई।घटना के संबंध में श्रीबंशीधरनगर प्रखंड उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि

भवनाथपुर वन डिपो के पास काफिले में शामिल होने के लिए एक अन्य कार आई थी। उसी दौरान, ड्राइवर को अचानक ब्रेक लगाना पड़ा, जिससे पीछे चल रही गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा गई।दुर्घटना के बाद विधायक समेत सभी लोग अपनी-अपनी गाड़ियों से सुरक्षित बाहर निकल आए। राहत की बात यह रही कि हादसे में सिर्फ गाड़ियों को नुकसान हुआ और गाड़ी में सवार किसी को चोट नहीं आई।हादसे के बाद विधायक और अन्य सदस्य दूसरी गाड़ियों से केतार मंदिर के लिए रवाना हो गए।

इरफान का भानू पर तंज, कहा-आप चले थे मेरे घर बुलडोजर चलाने, जनता ने क्या हाल कर दिया

संवाददाता

रांची । कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने बीजेपी के पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही पर तंज कसा है।कहा है कि आप चले थे मेरे घर पर बुलडोजर चलाने, लेकिन जनता ने आपका क्या हाल कर दिया। मगर मैं आपके जैसा नहीं हूं। मैं आपके घर पर बुलडोजर नहीं, बल्कि यूपी में अन्याय और कट्टरता पर बुलडोजर चलाने निकल चुका हूं।मैंने आपको कई बार समझाया था कि आप सेक्युलर रहो, लेकिन भाजपा में जाने के बाद आपका पूरा रंग-रूप ही बदल गया।अनाप-शनाप बयानबाजी और कट्टर विचारधारा से आपने झारखंड की जनता को आहत किया।लेकिन कोई बात नहीं, अब आपके पास पर्याप्त समय है।इन मुद्दों पर गहन विचार कीजिए।कट्टर विचारधारा को अपने दिल और दिमाग़ से निकालें।आशा है, हम फिर मिलेंगे।भानु जी, मैंने आपको कई बार समझाया था कि आप सेक्युलरज

बीजेपी के पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने इरफान अंसारी पर पलटवार करते हुए कहा कि मियां सॉरी, जवाब तो देना पड़ा, अकबर नहीं तो अगली बार ही सही।सीता भाभी का अपमान का बदला तो लूंगा ही।चुनाव हारे हैं हौसला नहीं।

सड़क हादसे में बच्ची सहित तीन घायल

देवघर। जिले में अलग अलग जगह हुए सड़क हादसे में एक बच्ची सहित तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना में एक बच्ची और उसके दादा गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल का नाम परशुराम मिंद्धा और 08 वर्षीय सुनैना के नाम शामिल हैं। जो पथरड्डा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। घायल परशुराम होमगार्ड का जवान है। घटना के बावत परशुराम मिंधा ने बताया कि वह देवघर से अपनी पोती के साथ घर जा रहा था। उसी क्रम में सामने से आ रही बाइक ने धक्का मार दिया जिससे 8 वर्षीय बच्ची सुनैना कुमारी एवं परशुराम दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

पलामू में बालिका गृह मामले में डीसीआईओ के खिलाफ मामला दर्ज

संवाददाता

पलामू । बालिका गृह मामले में पलामू डीसी ने संज्ञान लेते हुए बड़ी कार्रवाई की है।पलामू के डीसीआईओ के खिलाफ मामला दर्ज कर निलंबित भी करने का आदेश दिया है।साथ ही सीडब्ल्यूसी के सारे सदस्यों पर कार्रवाई करते हुए विभाग को लिख दिया गया है।जानकारी के अनुसार ये सभी लोग इस कांड में शामिल हैं।सदर एसडीओ सुलोचना मीणा की जांच के बाद पलामू डीसी ने डीसीआईओ और सीडब्ल्यूसी के सदस्यों के खिलाफ करवाई की है।बता दें कि बीते शुक्रवार को पलामू जिला मुख्यालय के सूदना में संचालित बालिका गृह में रहने वाली बच्चियों का यौन शोषण का मामला आया था। बालिका गृह में 28 बच्चियां रहती हैं। इसमें से दो बच्चियों ने बालिका गृह के सुपरिटेंडेंट 72 वर्षीय राम प्रताप गुप्ता पर यौन शोषण का आरोप लगाया है।सुपरिटेंडेंट को बच्चियां दादा जी कहती थीं। मामला सामने आने के बाद शनिवार को पुलिस की टीम घंटों मामले की जांच में जुटी रही।बच्चियों के आरोप को पुलिस ने सही पाया।इसके बाद आरोपी सुपरिटेंडेंट व बालिका गृह की एक महिला काउंसलर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया। एएसपी राकेश सिंह ने बताया कि जांच में बच्चियों के यौन शोषण की बात सही साबित हुई है। इसमें काउंसलर की भी भूमिका सामने आई है।शुक्रवार को मानवाधिकार संगठन की एक टीम संध्या सिंह के नेतृत्व में बालिका गृह की व्यवस्था को देखने गयी थी।इसी दौरान बच्चियों ने यौन शोषण की बात बताई थी।बच्चियों के मुताबिक, आरोपी राम प्रताप का घर बालिका गृह के पास ही बैंक कॉलोनी में है।एक बच्ची ने बताया कि दीपावली से छठ के बीच दो बार राम प्रताप उसे अपने घर ले गए।इसी दौरान उन्होंने बच्ची के साथ संबंध बनाया।दूसरी बच्ची ने बताया कि उसके साथ भी सुपरिटेंडेंट ने गलत करने का प्रयास किया था। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया।पूछताछ में पुलिस को लड़कियों ने बताया कि बालिका गृह से बाहर निकलने के लिए उनके सामने अधिकारियों को खुश करने की शर्त रखी गई।जांच में यह भी पता लगा है कि बालिका गृह की एक महिला कर्मी ने लड़कियों के कुछ फोटो भी लिए हैं।साथ ही किसी को भेजा भी है।

राज्यपाल ने जेपी नड्डा को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

रांची । राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। साथ ही राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को ट्वीट कर नैसर्गिक सौंदर्य और अद्भुत लोक संस्कृति से समृद्ध असम राज्य के स्थापना दिवस पर सभी असमवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि हमारी कामना है कि असम निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहे और यहां के नागरिकों के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे। दूसरी ओर, भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है। दुबे ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

डीसी ने समाहरणालय परिसर का किया निरीक्षण

रांची । रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव का जायजा लिया। उपायुक्त ने शौचालय की स्वच्छता, समाहरणालय प्रांगण के सुन्दरीकरण और पेयजल क्षेत्र के सफाई पर विशेष ध्यान देने को लेकर कई निर्देश दिये। उपायुक्त ने अग्निशमन और ड्रेनेज की व्यवस्था को दुरुस्त करने और समाहरणालय में सौर ऊर्जा प्रणाली के विषय में जानकारी ली। उपायुक्त ने इस दौरान सभी अंचल और प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारियों की उपस्थिति की जानकारी गूगल लोकेशन के माध्यम से ली। उपायुक्त ने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक कर समाहरणालाय स्तर के सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों के आइडेंटी कार्ड एवं कर्मियों की उपस्थिति तथा जन शिकायत कोषांग के कार्यों की जानकारी भी ली। इस मौके पर साफ-सफाई के लिए प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

रांची । पॉक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी करार हिन्दपीढ़ी के मो. अली उर्फ नूर अली को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने नूर अली पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। नूर पर पड़ोसी की बेटी के साथ जबरदस्ती करने का आरोप सिद्ध हुआ है। इस घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने हिन्दपीढ़ी थाना में 8 जून, 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। नूर को 11 जून, 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

जल स्त्रोतों के लिये जनांदोलन करेगा गंगा समग्र

रांची । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन गंगा समग्र के महानगर इकाई की बैठक मनधीराम महतो की अध्यक्षता में विकास भारती कार्यालय आरोग्य भवन में सोमवार को हुई। बैठक का संचालन करते हुए के. जयराम ने कहा कि संगठन रांची महानगर के सभी सरोवरों, तालाबों एवं नदियों की अविरलता एवं निर्मलता के लिए जन-जागरण के माध्यम से सभी जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए शीघ्र ही जनांदोलन शुरू करेगा। झारखंड के प्रान्त संगठन मंत्री अम्बरीष ने कहा कि रांची में कई सरोवर हैं, जिन पर नगर निगम ने अच्छा काम किया है। सरोवर पक्के कराए गए हैं। पेड़-पौधों से सुसज्जित हैं लेकिन पानी काला एवं बदबूदार है। बैठक को मुख्य रूप से डॉ. रत्नेश मिश्रा, अशोक प्रधान और उदय सिंह ने भी संबोधित किया।

लातेहार में नाबालिग का शव मिला

लातेहार । जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक नाबालिग का शव कुएं से मिला। वह पिछले चार दिनों से लापता थी। लड़की के परिजनों ने हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए चंदवा प्रखंड मुख्यालय में सड़क जाम कर दिया। डीएसपी अरविंद कुमार के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। जानकारी के अनुसार, सोमवार को कुछ ग्रामीणों ने कुएं में एक शव को देखकर हल्ला मचाया। बाद में शव को कुएं से निकाला गया तो उसकी पहचान हुई। लड़की के परिजनों का कहना था कि लड़की गत 29 नवंबर से ही घर से लापता हो गई थी। इस मामले को लेकर चंदवा थाना में आवेदन भी दिया गया था और कुछ लोगों पर आशंका भी जताया गया था लेकिन पुलिस के जरिये इस मामले में कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण उनकी लड़की की हत्या हो गई। घटना के विरोध में परिजनों ने चंदवा प्रखंड मुख्यालय के इंदिरा चौक पर रांची-डालटेनगंज-चतरा रोड को जाम कर दिया।

प. बंगाल से परीक्षा देने रांची आई छात्रा के साथ छेड़खानी

रांची । पश्चिम बंगाल से परीक्षा देने आयी नाबालिग छात्रा के साथ होटल में छेड़खानी का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। घटना रांची के कटहल मोड़ स्थित एक होटल की है, जहां बदमाशों ने कमरे में घुसकर लड़की के साथ छेड़खानी की। इस मामले में छात्रा के पिता ने नगड़ी थाना में मालदा के शुभेंदु मंडल, शांतनु मंडल, तमिलनाडु के अभिषेक दत्ता, अर्कापराव दत्ता और सोमनाथ शर्मा पर केस किया है। उनका आरोप है कि लड़कों ने उनकी बेटी की आपत्तिजनक तस्वीर खींची और उसे ब्लैकमेल किया। जानकारी के अनुसार, छात्रा कटहल मोड़ के काव्यन रेसीडेंसी में ठहरी थी। वह आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में परीक्षा देने आयी थी। रात में जब पिता खाना खाकर लौटे तो वह उनसे लिपटकर रोने लगे। यह घटना 16 सितंबर की है। इस मामले में करीब ढाई महीने बाद 29 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।

सीसीएल की टीम ने साफ-सफाई का लिया जायजा

रांची । सीसीएल मुख्यालय रांची के असैनिक विभाग की टीम ने सोमवार को एनके एरिया कल्याण समिति के सदस्यों के साथ कॉलोनियों की साफ-सफाई का जायजा लिया।टीम ने डकरा, केडीएच, चूरी कॉलोनी का निरीक्षण किया।जानकारी के अनुसार इन कॉलोनियों की साफ-सफाई सीसीएल कराती है।कॉलोनियों की सफाई तय नियमों के अनुरूप नहीं कराए जाने पर टीम के सदस्यों ने कार्रवाई की बात कही।टीम में शामिल मैनेजर उज्जवल सिंह, जूनियर इंजीनियर टी प्रमाणिक ने कहा कि जो ठेकेदार तय शर्त के अनुसार काम नहीं कर रहा है, उसके विरुद्ध प्रबंधन कड़ा कदम उठायेगी। समय रहते सभी को समझना होगा कि जो काम जिसने लिया है और वह किस रेट में काम लिया है, इससे विभाग को कोई मतलब नहीं है। जिन्होंने काम का आवंटन मिला है, वे नियम पूर्वक काम करें। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में टेंडर हुआ था, उसमें डे-टू-डे कचरा उठाना शामिल नहीं था। जिसके कारण कचरा का उठाव नहीं किया जा रहा है।एनके एरिया कल्याण समिति सदस्य हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जब टीम डकरा पहुंची तो सभी कल्याण समिति सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया।

लातेहार में बदमाशों ने दो वाहनों में लगाई आग

लातेहार । जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसमाही रेलवे साइडिंग के पास रविवार की देर रात लगभग 2ः00 बजे अज्ञात अपराधियों ने कोयला लदे दो हाइवा में आग लगा दी। इस दौरान अपराधियों ने चालकों के साथ मारपीट भी की। जानकारी के अनुसार, लातेहार के तुबेद कोलियरी से कोयला लोड कर हाइवा बालूमाथ के कुसमाही रेलवे साइडिंग की ओर जा रही थी। इसी दौरान चार की संख्या में अपराधी कुसमाही साइडिंग के पास पहुंचे और वहां कोयला लदे दो गाड़ियों में आग लगा दी। अपराधियों ने इस दौरान चालकों के साथ मारपीट भी की। बताया जाता है कि अपराधियों ने मौके पर फायरिंग भी की। अपराधियों ने चालकों को मारपीट कर घटनास्थल से भगा दिया। घटना के बाद चालक ने पूरे मामले की जानकार

धड़ल्ले से फल फूल रहा है अवैध लॉटरी का कारोबार

फतेहपुर, (जामताड़ा) ः सीएम हेमंत सोरेन ने ट्विटर के माध्यम से दुमका उपायुक्त को अवैध लॉटरी कारोबारीयों पर करवाई करने का सख्त निर्देश दिया है। इधर स्थानीय नागरिक उम्मीद कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अवैध लॉटरी कारोबार पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। वही जामताड़ा जिला के फतेहपुर क्षेत्र में अवैध लॉटरी का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यहां के लोगों के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। यह अवैध धंधा क्षेत्र में जोर शोर से फल फूल रहा है। इसकी लत लोगों को ऐसे लग चुकी है कि वह रातों-रात लखपति करोड़पति बनने की फिराक में अपनी सारी कमाई लॉटरी टिकट खरीदने में लगा देते हैं। जिससे उनके घर परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच चुका है। वही धंधेबाज अवैध लॉटरी टिकट बेचकर गाढ़ी कमाई कर रहें है। अब देखना यह होगा कि मुख्यमंत्री के आदेश के बाद फतेहपुर क्षेत्र में अवैध लॉटरी के कारोबार पर प्रशासन कब तक करवाई करती है।

सीओ के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज साहिबगंज /बोरियो सीओ विजय हेमराज खालको के चाइबासा के मझगांव में स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ नागेश्वर साव, बीपीओ श्वेता कुमारी सहित अन्य अंचल कर्मी के द्वारा बुके एवं शॉल ओढ़कर सम्मानित किया गया। बीडीओ ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि सीओ का छोटे समय अंतराल में अच्छा कार्य कार्य किए है उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सीओ ने कहा कि बोरियो के लोगों के साथ अच्छा लगाव रहा सभी का सहयोग रहा अंचल कर्मी से लेकर जनप्रतिनिधि तक इस मौके पर प्रधान सहायक प्रभु दयाल मंडल, अंचल निराक्षक फुदन सोरेन, राजस्व कर्मचारी गंगाधर दास, लिपिक कर्मवीर यादव, राजस्व कर्मचारी जयंतो कुमार, राजस्व कर्मचारी नीलम कुमारी, लिपिक जीतेन्द्र कुमार शर्मा, लिपिक निशा पूर्णिमा सहायक सुशील दास सहित अन्य मौजूद थे।

रिक्रिएशन क्लब में एआईएलआरएसए का 22वां अधिवेशन का आयोजन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज। शहर के साउथ कॉलोनी रिक्रिएशन क्लब(नाचघर) में सोमवार को ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन का 22वां अधिवेशन का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष आआर भगत, दक्षिण पूर्व रेलवे के महासचिव एसपी सिंह, केंद्रीय संगठन सचिव गौतम गोस्वामी शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय उपाध्यक्ष ने दो साल के कार्यो की समीक्षा करते हुए रेल कर्मियों की समस्या पर विस्तार से चर्चा की है। रेल कर्मियों की समस्याओं के लिए संगठन हमेसा से लड़ाई लड़ रही है। लेकिन सरकार इसपर ध्यान नहीं दे रही है। इस दौरान यूपीएस, महगाई भत्ता, रिक्त पदों में बहाली आदि मांगे की गई है। एनपीएस, यूपीएस दोनो को रद्द करते हुए ओपीएस लागू की मांग की गई है। किसी भी रनिंग स्टाफ से साइनिंग ऑफ व ऑन के नौ घण्टा से ज्यादा ड्यूटी न लेने, सातवां पे कमीशन के अनुसार अगर डीए जब 50 फीसदी से ज्यादा हो तो रनिंग अलाउंस 25 फीसदी बढ़ाने, असिस्टेंट चालक के साथ ही काम करता है। एसिस्टेंट चालक को रिस्क एलाउंस देने, मालदा मंडल में बाकी ओवर टाइम का भुकतान करने आदि मांगे की गई है। वहीं जोनल व ब्रांच के मंत्री मंडल का गठन किया गया है। इसमें नए पदाधिकारियों का चयन किया गया है। मौके पर पूर्व स्टेशन प्रबंधक आरएस पांडे, एचपी तिवारी आदि थे।

आंगनबाड़ी सेविका संघ ने राजमहल विधायक का किया स्वागत, सौंपा मांग पत्र

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

उधवा। सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत में (के एंड के ऑक्सफोर्ड स्कूल) के पीछे आम बगीचा में सेविकाओं ने राजमहल विधानसभा के विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा जी का स्वागत सह सम्मान समारोह आयोजन किया गया।इस दौरान सेविकाओं ने विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा जी को बुके व माला पहनाकर स्वागत किया।स्वागत उपरांत सेविकाओं ने मांगपत्र सौंपा।मांगपत्र में सेविकाओं ने बताया कि सरकार द्वारा सेविकाओं को दिया जाने वाला मानदेय का केन्द्रांश की राशि नियमित रूप से नहीं मिल रही है।बीते सात माह से केन्द्रांश की मानदेय बकाया है।जून और अगस्त 2022 तथा मार्च 2023 का पोषाहार की राशि भुगतान नही हुआ।मांगपत्र में आगे बताया कि राज्य की सेविकाओं/सहियकाओ को एक कुशल मजदूर की भांति प्रतिदिन 600 व 300 के हिसाब से मानदेय में दिया जाए।सेविका/ सहायिकाओं को राज्य कर्मी कर्मचारी घोषित करते हुए वेतनमान किया जाए।सेविका की सेवानिर्मित होने पर एक मुस्त सेविकाओं को 5 लाख सहायिकाओं को 3 लाख तथा उनके आश्रित के एक सदस्य सरकारी नौकरी दिया जाए सहित अन्य मांगों को रखा साथ ही सेविकाओ की अन्य समस्या को विधायक के समक्ष रखा।इस दौरान विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा जी ने कहा कि जिला स्तरीय समस्या को जल्द ही इस जिला उपायुक्त से मिलकर समाधान किया जायेगा जल्द ही सभी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया जाएगा।साथ ही राज्य स्तरीय समस्या को विधानसभा में रखेंगे।मौके पर सेविका शबनम परवीन, उषा कुमारी,अजमिरा बीबी,अंगुरा बीबी,रुकसाना बीबी, रेहाना बीबी, तहुरा बीबी,ऐनुल हक अंसारी, मैनुल हक सहित अन्य मौजूद थे।

नवोदय विद्यालय में पांच दिवसीय योग शिविर का हुआ उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज मनुष्य के जीवन में तनाव ही एक मूल कारण है जिससे हमारे मानसिक और शारीरिक विसंगतियां उत्पन्न होती है। और योग हमें तनाव से मुक्ति दिलाता है। इसलिए गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने कहा है कि योग हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा शहर के धोबी झरना स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए तेजस्विनी ने ये बातें कही। इस योग शिविर का संचालन देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से आई तीन बहनों की एक टोली द्वारा किया जा रहा है। टोली में राजस्थान की तेजस्विनी अयोध्या की निष्ठा से और आगरा की संजना चौधरी शामिल है। उद्घाटन समारोह की शुरुआत देव वंदना के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य आर के सिंह ने सर्वप्रथम आगंतुक टोली के सदस्यों को बुके देकर सम्मानित किया। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य श्री सिंह ने देव संस्कृति विश्वविद्यालय से आए देव कन्याओं के प्रति आभार व्यक्त किया साथ ही उपस्थित स्कूल के बालिकाओं को योग के महत्व बताए। शिविर संचालिका निष्ठा सिंह ने अलग-अलग तरीके से बच्चियों को योग के विभिन्न प्रकल्प बताए और सिखाए। मंच का संचालन शारीरिक शिक्षिका प्रिया भारती ने किया। सोमवार को ही नवोदय विद्यालय में वर्ग नवम और दशम के छात्राओं का एक बौद्धिक कक्षा आयोजित किया गया, जिसमें कई प्रेरक प्रसंग की चर्चा की गई। मौके पर गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी संजीत कुमार चौधरी सरिता पोद्दार ममता झा करुणामई भारती अम्बरीष कुमार शिवशंकर निराला आदि मौजूद थे।

देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार।

साहिबगंज जिले के जीरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा लोहंडा से पुलिस ने एक व्यक्ति को एक देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले में साहिबगंज पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जीरवाबाडी थाना क्षेत्र के बड़ा लोहंडा में एक व्यक्ति हथियार लहराता घूम रहा है वह किसी अपराधी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस ने तत्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक पुलिस बल का गठन कर छापेमारी की जिस दरमियान पुलिस ने एक व्यक्ति का गिरफ्तार किया इसके पास से एक देसी कट्टा वह पॉकेट से दो गोली कि बरामदी हुई।पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम गुलाब सिह पिता इंद्रदेव सिंह बताया वही पुलिस कि छानबीन में पता चला कि उक्त व्यक्ति मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम हरप्रशाद का रहने वाला है व वह यहां अपना बर्चस्व बनाने हेतु आया था।पूछताछ के बाद पुलिस ने कांड संख्या 184/24दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत भेज दिया।

आपसी विवाद में मारपीट में महिला समेत चार लोग घायल

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत लालबथानी के मुसहरटोला में सोमवार की रात आपसी विवाद में जमकर मारपीट हो गई।महिला समिति चार लोग घायल हो गए।सभी घायल को पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल में रामचंद्र चौधरी (75), अनिल चौधरी(35) , लक्ष्मी देवी (70) व बिपिन कुमार(13) है। घायल ने बताया कि चापाकल के विवाद को लेकर गोतिया के ही भैसुर व उसकी पत्नी द्वारा गाली गलौज करने लगा। इसका विरोध करने पर दूसरे पक्ष के सदानन्द चौधरी, पत्नी प्रमिला देवी, स्वाति देवी व शोभा मोसमात पर मारपीट का आरोप लगाया है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

डीसी ने किया शिक्षा व समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज जिला सोमवार को उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में शिक्षा विभाग,समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।बैठक में शिक्षा विभाग ने जिला के सभी प्रखंडों में निमार्ण के विषय में जानकारी ली बताया गया कि जिला के चार प्रखंडों में कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बाकी बचे प्रखंडों में निमार्ण का कार्य किया जा रहा है।उपायुक्त ने निदेश करते हुए कहा कि तय समय पर कार्यों को पूर्ण करें और सभी प्रखंडों में पुस्तकालय प्रबंधक समिति का गठन किया जाए ।समाज कल्याण विभाग ने आंगनबाड़ी निमार्ण की जानकारी ली और ससमय कार्यो को पूर्ण करने का निर्देशित दिया गया।मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला सहकारी पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी, डॉ हसीब हक, डीएमएफटी के कर्मी उपस्थित थे।

ज़िला क्रिकेट अंडर-16 टूर्नामेंट

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज। ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत सोमवार को कंबाइंड इलेवन बनाम माही स्पोर्ट्स येलो के बीच मैच खेला गया।माही स्पोर्ट्स येलो ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 04 विकेट पर 201 रन बनाये। आदित्य ज्ञान ने 43, वमीक नईम ने 31, मो शोएब अंसारी ने 24, अब्राहम शेख ने 44 व उमर फारूक ने 14 रन बनाए। कंबाइंड 11 के गेंदबाज विवेक, नितेन मंडल, शाहिद व शिवम ने 1-1 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कंबाइंड इलेवन की टीम 25 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन बना सकी। शादाब हुसैन ने 32, अमूल ने 30, शिवम ने 18, नयन शर्मा ने 16 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स येलो के गेंदबाज अब्राहम शेख ने 3, तौसीफ ने 2, कुमार तेजस, वमीक नईम व उमर फारूक ने 1-1 विकेट लिए। माही स्पोर्ट्स येलो ने 52 रनों से जीत हासिल की। माही स्पोर्ट्स इलेवन ने खिलाड़ी अब्राहम शेख को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि वरीय क्रिकेटर सह जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव सतीश सिन्हा ने अब्राहम शेख को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर ज़िला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, अमित तिवारी, गोपाल सिंह, राजीव कुमार सहित अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि 03 दिसंबर को संत

एमटी राजा ने क्षेत्र का किया भ्रमण

राजमहल। स्थानीय विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सोमवार को मंगलहाट से सुकसेना होते हुए लालमाटी मखानी बेलदारचक तक आम लोगों से मुलाकात कर लोगों को उन्हें विधायक चुने जाने पर धन्यवाद दिया है। विधायक जी ने कहा कि आज यदि वे विधायक बने हैं तो इसका श्रेय आम जनता को जाता है, जिन्होंने उसे इस लायक समझा है। उनका प्रयास होगा कि सभी 383 बूथों से जुड़े लोगों को विधायक होने का सेवा कर सके। जनता ने उन्हें भारी मतों से चुनाव जिताया है। इसका मतलब स्पष्ट है कि जनता ने उसे अपना पूर्ण समर्थन दिया है। जनता के इस विश्वास को वे टूटने नहीं देंगे। विभिन्न गांवों के आम लोगों ने जगह-जगह पर विधायक एमटी राजा जी का स्वागत तिलक व आरती उतार कर फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष घीसू शेख, प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास यादव, विशुत्री उपाध्यक्ष सुदर्शन पासवान, दुर्गा प्रसाद मंडल, सुभाष चंद्र दास, सुरेश मंडल, प्रकाश मंडल, श्रवण मंडल, गोपाल मंडल, जीतू यादव, रामदेव मंडल, वासुदेव मंडल, अन्य दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डॉल्फिनकी मौत के बाद संज्ञान,तालझारी रेंजर ने की बैठक

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज साहिबगंज सोमवार को तालझरी रेंजर पंचम दुबे ने अपने कार्यालय में एक बैठक आजोजित कर कहा कि डॉल्फिन के संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक करने कि आवश्यकता है। साथ ही कहा कि डॉल्फिन को सुरक्षित रखने के लिये जागरुकता कार्यक्रम समय-समय पर चलाना होगा। साथ ही कहा कि डॉल्फिन द्वारा गंगा के पानी को निर्मल और अविरल बनाने में काफी सहायक बताई गई है। गंगा में यदि डॉल्फिन है तो समझ लेना चाहिए कि गंगा नदी का पानी शुद्ध है और साहेबगंज, राजमहल में डॉल्फिन है। साथ ही उन्होंने डॉल्फिन मित्रों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी अपने अपने क्षेत्र में कडा से पहरा करें ताकि डॉल्फिन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके अगर किसी क्षेत्र में डॉल्फिन को किसी प्रकार का नुकसान होता है तो उसे क्षेत्र का डॉल्फिन मित्र जिम्मेदार होगा। मौके पर पप्पु कुमार यादव, प्रेम कुमार सहित डॉल्फिन मित्र मौजूद थे। ज्ञात हो कि पिछले शनिवार राजमहल क्षेत्र में एक डॉल्फिन कि मौत हो गई थी।

इलाज के दौरान वृद्ध की हुई मौत, नहीं हुआ पोस्टमार्टम

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। जिले के मंडरो प्रखंड सिमड़ा के रहने वाले सुफल किस्कू की रविवार की रात सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हलांकि उनके शव का पोस्टमार्टम नहीं किया गया। दरअसल रविवार की सुबह सकरीगली के रेलवे के आइडब्लूआई क्वार्टर में बीमार पड़ा था। जानकारी मिलने पर डीसी के पहल पर बीमार वृद्ध को गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। हलांकि देरशाम होते वृद्ध ने दम तोड़ दिया।इधर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी पंकज दूबे ने बताया कि इस संबंध में मृतक का बड़ा पुत्र मोहन किस्कू ने लिखित देते हुए पोस्टमार्टम नहीं कराने की अपील की है। वहीं पुत्र के अनुसार मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था।मृतक सकरीगली कैसे पहुंचा। इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस पर सर्टिफिकेट वितरण

गोड्डा । विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर पूरे विश्व भर में दो दिसंबर को काफी हर्षोल्लास के साथ विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस मनाया गया। वहीं गोड्डा जिले के बसंतराय प्रखंड अंतर्गत बसंतराय का नंबर वन कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र आरबीएस कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में सोमवार को काफी उत्साह से कंप्यूटर साक्षरता दिवस मनाया गया। वही इस मौके पर कंप्यूटर कोर्स के सर्टिफिकेट वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कोर्स करने में सफल हुए विद्यार्थियों को कंप्यूटर कोर्स का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया साथ ही गले में मेडल डाल कर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया गया। वही इस मौके पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कंप्यूटर के महत्व के बारे में जानकारी दिया और कंप्यूटर साक्षरता दिवस के बारे में विस्तार से परिभाषित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी कंप्यूटर साक्षरता दिवस को लेकर भिन्न-भिन्न तरह के स्पीच भी दिए। वही मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बसंतराय, उमर अली, रिसॉर्स शिक्षक उदय शंकर, आरवीआईटी काउंसिल प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक सह मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी शुभांकर वर्मा के साथ-साथ आरबीएस कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र बसंतराय के सह निदेशक सह शिक्षक जावेद इकबाल, आर्ट्स क्लासेस बसंतराय के निदेशक यासीन माही, एंकर मो0 अताउल्लाह के साथ साथ सैंकड़ो छात्र छात्राएं मौजूद रहे। वही प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उमर अली खान व शुभांकर वर्मा, जावेद आलम, यासीन माही ने कोर्स सेशन में अच्छे मार्क्स के साथ उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्रा को शील्ड और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। वही प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उमर अली खान ने कहा कि जितना जरूरी साइंस और आर्ट्स है। ठीक उसी प्रकार कंप्यूटर का ज्ञान होना भी आज कल के जमाने में बहुत ही जरूरी है। वही सभी अतिथि ने छात्र छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

- रामचरित मानस समाज के लिए आदर्श विषयक भाषण, कविता पाठ व क्वीज प्रतियोगिता आयोजित

गोड्डा । श्रमजीवी सेवा ट्रस्ट महेशपुर की ओर से बसंतराय प्रखंड अंतर्गत महेशपुर उत्पल कला केन्द्र के रंगमंच पर स्व. राजेन्द्र नारायण सिंह मेमोरियल जिला स्तरीय रामचरित मानस समाज के लिए आदर्श विषयक भाषण, स्तुति गीत एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन महागामा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केशरी, पंचायत राज विभाग के उपनिदेशक डा. शिशिर कुमार सिंह, एनआरपी सेंटर साहेबगंज के प्रशासक मनोज कुमार झा माधव, संत जेवियर्स विद्यालय साहेबगंज के उपाचार्य प्रो. नवल किशोर झा, सेवा निवृत्त शिक्षक सह मीडिएटर दिलीप कुमार झा, संस्था के अध्यक्ष सुधांशु शेखर झा, सचिव नवीन कुमार झा, संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ताउमेश चंद्र झा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों व वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान निर्णायक की भूमिका नवल किशोर झा, मनोज कुमार झा एवं नीलेश कुमार झा ने निभाई। भाषण प्रतियोगिता में महेशपुर हाई स्कूल की वर्षा कुमारी ने प्रथम, रिशु कुमारी ने द्वितीय एवं एनडीपीएस की दीक्षा ने तृतीय पुरस्कार पुरस्कार प्राप्त किया। स्तुतिगीत में कन्या मवि की खुशबू कुमारी ने प्रथम, सोनाली कुमारी ने द्वितीय एवं डोली कुमारी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं क्वीज प्रतियोगिता में सोनल, दीक्षा, श्रुति, रश्मि प्रिया, रश्मिरति, खुशी झा आदि ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।बतौर मुख्य अतिथि महागामा एसडीओ आलोक वरण केशरी ने कहा कि छात्र जीवन में चरित्र निर्माण ही सर्वोपरि है। ऐसे में राम चरित मानस के पात्रों चरित्र आधुनिक जीवन के लिए भी प्रासंगिक है। आधुनिक सामाजिक परिप्रेक्ष्य में बच्चों के चातुर्दिक विकास की दिशा में यह कार्यक्रम आयोजित करना सराहनीय है।पंचायती राज विभाग के उप निदेशक डा. शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि मैने भी इसी विद्यालय से शिक्षा ग्रहण किया है। इस विद्यालय के छात्र आज देश-विदेशों में सफलता का परचम लहरा रहे हैं।स्वागत भाषण के दौरान सेवा निवृत्त शिक्षक दिलीप कुमार झा ने विद्यालय के शिक्षक स्व. राजेन्द्र नारायण सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत एडीवीएस विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान आकर आगन्तुकों का स्वागत किया। इसी कड़ी में गौरीशंकर चौबे, बाघाकोल के रामाकांत मिश्रा, सेवा निवृत्त शिक्षक नरसिंह झा आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

मोटरसाइकिल की चोरी

मंडरो,साहिबगंज। मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के उत्तरी महादेववरन शिव मंदिर चौक के निकट बिकास पैथोलॉजी के मालिक गोपाल झा का काले रंग का होण्डा साईन मोटर साइकिल संख्या जेएच 18डी 4381 सोमवार को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लेने का मामला सामने आया है।हालांकि मोटरसाइकिल चोरी करते हुए, चोर का तस्वीर सीसीटीवी कैमरा में कैद हो जाने के बारे मे बताया जा रहा है।मामले को लेकर मोटरसाइकिल मालिक के द्वारा मिर्जाचौकी थाना में आवेदन देने का तैयारी किया जा रहा था।

बोरियो विधायक धनंजय सोरेन का क्षेत्र भ्रमण आज से

मंडरो,साहिबगंज।बोरियो विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनंजय सोरेन मंगलवार से बोरियो विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करेंगें।जहां झामुमो कार्यकर्ता से मिल कर क्षेत्र की जन समस्याओं से अवगत होगें। इसके लिए क्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम का समय एवं दिन निर्धारित किया गया है।जहाँ 3 दिसम्बर मंगलवार को 10 बजे प्रखंड कार्यालय तालझारी,4 दिसम्बर बुधवार को 10 बजे प्रखंड कार्यालय बोरियो, 5 दिसम्बर गुरुवार को 10 बजे प्रखण्ड कार्यालय बोआरीजोर, 6 दिसम्बर शुक्रवार को 10 बजे प्रखंड कार्यालय मंडरो, 7 दिसम्बर शनिवार को 10 बजे, साहिबगंज नगर स्थित सर्किट हाउस पहुंचेगें।इसको लेकर सभी झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष,सचिव व प्रखंड कमेटी को अपने स्तर से सभी झामुमो के कार्यकर्ताओं के साथ उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहने के संबंध में बताया गया है।

कक्षा एक और दो के छात्र-छात्राओं को किया स्वेटर का वितरण

मंडरो,साहिबगंज। संवाददाता राजकीय कृत मध्य विद्यालय मिर्जाचौकी में सोमवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक छबिलाल पासवान के द्वारा सत्र 2024-2025 मे कक्षा 1 एवं 2 में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के बीच विद्यालय मे स्वेटर का वितरण किया गया।जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक छबिलाल पासवान ने बताया कि,जो बच्चे आज स्वेटर नहीं ले पाये।उन्हें अगले दिन वितरण किया जाएगा।मौके पर विद्यालय के शिक्षिक उपेंद्र रविदास,मोहम्मद अली अंसारी,नरेश कुमार पासवान एवं चंचला कुमारी उपस्थित थे।

राजनीतिक क्षेत्र में परिवारवाद एक अंतर्राष्ट्रीय समस्या

भारत में भाई-भतीजावाद और परिवारवाद को लेकर राजनीतिक गलियारे से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में सदा से ही गर्मा-गरम बहस होती चली आ रही है। परिवारवाद के नाम पर कांग्रेस सदा से विरोधियों के निशाने पर रही है। अब जबकि केंद्र में भाजपा नीत सरकार लंबे समय से बर्चस्व में है तो यहां पर भी भाई-भतीजाबाद के आरोप लगने शुरु हो गए हैं। चुनावी टिकट का मामला हो या पदों के बंटबारे की बात हो, सभी जगह परिवारवाद हावी होता दिखता है। हद तब हो जाती है जब सरकारी नौकरियों में भाई-भतीजाबाद खूब फलता-फूलता दिखता है। यहां बताते चलें कि यह बीमारी महज भारत में पल रही हो ऐसा नहीं है, बल्कि इसकी जद में दुनियां की महाशक्ति कहा जाने वाला अमेरिका तक आ चुका है। अमेरिका जैसे लोकतांत्रिक देश में जहां राजनीतिक पारदर्शिता और संस्थागत संतुलन पर ज़ोर दिया जाता है, वहाँ भी प्रशासनिक नियुक्तियों में परिवारवाद और व्यक्तिगत संबंधों की भूमिका एक विवादास्पद विषय बना हुआ है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान और अब उनके फैसले को लेकर दुनियाभर में चर्चाएं हो रही हैं। खास चर्चा उनकी नियुक्तियों को लेकर हो रही है। उनकी प्रशासनिक नियुक्तियों ने भाई-भतीजावाद वाली बहस को एक बार फिर से हवा दे दी है। दरअसल ट्रंप ने अपने परिवार के करीबी सदस्यों और सहयोगियों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया है, जिससे अमेरिकी राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर कई सवाल खड़े हो गए हैं। वैसे यह कोई नई बात नहीं है, क्योंकि इससे पहले भी ट्रंप के प्रशासन में पारिवारिक सदस्यों को खास नियुक्तियां देने का अपना ही एक अलग इतिहास रहा है। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने अपनी बेटी इवांका ट्रंप और उनके पति जारेड कुशनर को व्हाइट हाउस में वरिष्ठ सलाहकार के तौर पर नियुक्त किया था। अब जो ताजा मामला सामने आया है, उसमें उन्होंने अपने एक समधी अरबपति मसाद बाउलोस को मध्य पूर्व मामलों के सलाहकार के रूप में और दूसरे समधी रियल एस्टेट कारोबारी चार्ल्स कुशनर को फ्रांस में अमेरिकी राजदूत के रूप में नियुक्त किया है। इस कदम ने उनके आलोचकों को एक बार फिर यह कहने का मौका दिया है कि ट्रंप प्रशासन भाई-भतीजावाद और देश के हितों के टकराव से भरा हुआ है।

इन नियुक्तियों को लेकर कहा तो यहां तक जा रहा है कि इनका अंतरराष्ट्रीय मंच पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। मध्य पूर्व जैसे संवेदनशील क्षेत्र में मसाद बाउलोस की नियुक्ति ने यह सवाल उठाया है कि क्या व्यक्तिगत संबंधों के आधार पर ऐसे अहम पदों पर की जा रहीं नियुक्तियां अमेरिका की कूटनीति को कमजोर करने वाली साबित नहीं होंगी? हालांकि, ट्रंप ने बाउलोस को एक अनुभवी और प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में पेश किया, लेकिन आलोचकों का तर्क है कि ऐसे व्यक्तियों की नियुक्ति अमेरिकी कूटनीति की पारंपरिक संरचना और उसकी निष्पक्षता को कमजोर करती है। चार्ल्स कुशनर की फ्रांस में नियुक्ति, जो अमेरिका का एक महत्वपूर्ण सहयोगी है, ने भी इसी तरह की चिंताओं को जन्म दिया है। एक राजदूत का काम पारंपरिक रूप से पेशेवर राजनयिकों या अनुभवी व्यक्तियों को सौंपा जाता है। परिवार के सदस्यों की नियुक्ति से यह छवि बनती है कि अमेरिकी विदेश नीति में व्यक्तिगत हित ज्यादा अहम हो गए हैं और राष्ट्रहित दोयम दर्जे पर जाते दिख रहे हैं। चिंता इसलिए भी है क्योंकि ट्रंप के परिवार के सदस्यों की नियुक्तियों पर अक्सर हितों के टकराव के आरोप लगते रहे हैं।

लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र विस चुनाव के बीच क्या बदला

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

2024 का आम चुनाव ऐसी सरकार के लिए चेतावनी है जिसने शानदार प्रदर्शन किया और लंबे समय से चली आ रही जटिल चुनौतियों का समाधान भी किया। इस चुनाव से पहले दो महत्वपूर्ण घटनाएं घटीं÷ पहली मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में भारी जीत और दूसरी 500 वर्षों में सबसे बड़ी घटना, 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राममंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा। ऐसा लग रहा था कि भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए पूरे देश में गति पकड़ रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कद तेजी से बढ़ रहा है। इसलिए, ÷अब की बार चार सौ पार÷ का नारा चुनाव की मुख्य दिशा बन गया। हालांकि, ऐसा लग रहा था कि एनडीए के नेता और उनकी जमीनी टीम और समर्थक यह मानकर निश्चिंत थे कि ÷मोदी है तो मुमकिन है।÷400 या उससे अधिक सीटों के साथ एक सुनिश्चित जीत के बारे में इस आत्मसंतुष्टि ने उन्हें वैश्विक डीप स्टेट ताकतों से बेखबर कर दिया, जो इंडी गठबंधन, शहरी नक्सलियों, कम्युनिस्टों और मार्क्सवादियों के समर्थन से एक टीम बना रहे थे ताकि देशभर में लोगों का ब्रेनवॉश करने के लिए फर्जी कहानियां गढ़ी जा सकें। इस तरह की सावधानीपूर्वक योजना, साथ ही झूठी कहानियां गढ़ने और उन्हें प्रत्येक घर में वितरित करने के लिए बड़ी मात्रा में धन के उपयोग ने मोदी सरकार में लोगों के विश्वास को हिला दिया। 400 सीटें मिलने पर संविधान को खत्म करना, आरक्षण को हटाना, बेरोजगारी बढ़ना, मोदी सरकार द्वारा भारी कर्ज के कारण देश को बेचना और इस तरह की कई अन्य फर्जी कहानियां लोगों का ब्रेनवॉश करने में काफी प्रभावी रहीं। इसका काफी असर हुआ है, जिसमें भाजपा को सिर्फ 240 सीटें मिलीं। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए लेकिन उन्होंने पार्टियों के समर्थन और शुरुआत में कम आत्मविश्वास के साथ ऐसा किया। हालाँकि, गांधी परिवार, इंडी गठबंधन, धार्मिक चरमपंथियों, धर्मांतरण माफियाओं, शहरी नक्सलियों, वोक और वैश्विक बाजार की ताकतों की ढहती मानसिकता ने अचानक उनके आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ा दिया। उन्होंने मोदी के लिए कम सीटों की व्याख्या इस संकेत के रूप में की कि हिंदुओं ने खुद को पीएम मोदी से दूर कर लिया है और हिंदुत्व की हार हुई है। उनका मानना था कि जाति के आधार पर हिंदुओं को अलग करना और झूठी कहानियों का इस्तेमाल करकर भ्रमित करना आसान था। हिंदुत्व अब हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण नहीं है। आत्मविश्वास में वृद्धि इतनी अधिक थी कि कई मुस्लिम प्रचारकों और चरमपंथियों ने हिंदुओं, हिंदू देवताओं और संस्कृति पर हमला करना शुरू कर दिया, अपनी ताकत का प्रदर्शन करने और पाकिस्तान और फिलिस्तीन के झंडे फहराने के लिए विभिन्न स्थानों और समय पर बड़ी सभाएँ आयोजित कीं। राहुल गांधी और कुछ अन्य इंडी गठबंधन के नेताओं ने हिंदुत्व पर प्रहार करना शुरू कर दिया, इस्लामी और ईसाई अनुष्ठानों और देवताओं की प्रशंसा करते हुए हिंदू संस्कृति और देवताओं को गाली दी। राहुल गांधी ने हिंदू एकता को कमजोर करने के लिए संविधान और आरक्षण के बारे में गलत जानकारी फैलाना शुरू कर दिया। वक्फ बोर्ड की मांगें प्रमुखता से उभरने लगी और जवाहरलाल नेहरू के वक्फ अधिनियम के तहत हिंदुओं की भूमि और संपत्ति की मांग करने लगे, जिसे बाद में सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकारों ने मजबूत किया था। राहुल गांधी और उनके इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने मोदी सरकार के वक्फ सुधार विधेयक का आक्रामक रूप से विरोध किया, जिसे हिंदुओं की रक्षा के लिए पेश किया गया था। हिंदू जागरण की शुरुआत जिस तरह आम चुनाव के दौरान और उसके बाद हिंदुओं और हिंदुत्व को निशाना बनाया गया, उससे हिंदुओं को साफ पता चल गया कि यह देश भविष्य में शरिया कानून और गहरी वैश्विक शक्तियों की इच्छाओं के अनुसार आगे बढ़ेगा। हिंदू (बौद्ध, जैन, सिख) आध्यात्मिक और धार्मिक गुरु, आरएसएस, वीएचपी और अन्य संगठनों ने हिंदू समुदाय के विभाजन के खतरों और राजनीतिक हिंदुत्व पर इसके प्रभाव को पहचान लिया। इसलिए वे सभी एक साथ आ गए। हिंदुत्ववादी ताकतों ने जमीनी परिदृश्य को बदल दिया।

आरएसएस, वीएचपी और अन्य हिंदुत्व संगठनों की मदद से एकजुट धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं ने वक्फ बोर्ड अधिनियम, लव जिहाद, शरिया कानून, वोट जिहाद के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हिंदुओं की बड़ी सभाओं को संबोधित करके फर्जी आख्यानों पर काम करना शुरू कर दिया। कैसे इस्लामी शासन बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों को नष्ट कर रहा है, मदरसा घृणित शिक्षा और इसके वित्तपोषण, हिंदुओं का धार्मिक रूपांतरण और इसके घातक प्रभाव और कैसे एकजुट हिंदू संविधान को विनाशकारी ताकतों से बचा सकते हैं। इस ज्ञान ने हिंदू समुदाय में एक बड़ी सकारात्मक लहर पैदा की, और उन्होंने पहचाना कि एकता कितनी महत्वपूर्ण है, यही वजह है कि 2019 और मौजूदा लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार विधानसभा चुनावों में वोट प्रतिशत में वृद्धि हुई है। यहां तक कि भाजपा ने हिंदुओं या हिंदुत्व के लिए झूठे सेक्युलरीजम के किडे को दरकिनार कर दिया जिसके कारण विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण लाभ कमाया। कोई भी मीडिया आलोचना उन्हें हिंदुत्व के कारण का खुलकर समर्थन करने से नहीं रोक सकी। हिंदू और हिंदुत्व भाजप के केंद्र में रहे। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नारे ÷एक है तो सुरक्षित है÷ और ÷बटेंगे तो कटेंगे÷ ने हिंदुओं में जबरदस्त जागृति पैदा की। श्रेष्ठता और हीनता का सीमित जातीय दृष्टिकोण टूट गया है और हिंदू हरियाणा और महाराष्ट्र में इकठ्ठा मतदान करते दिखे। मुस्लिम नेता सज्जाद नोमानी और अन्य मौलवी और मुस्लिम संगठनों द्वारा इंडी गठबंधन को वोट देने के लिए ÷फतवा÷ जारी करने से हिंदू एकता बढ़ी है। धुले, महाराष्ट्र लोकसभा सीट वोट जिहाद को हिंदुओं को समझाया गया कि अगर वोट जिहाद के परिणामस्वरूप ऐसी सरकार बनती है जो मुसलमानों की महाराष्ट्र धर्म और सनातन धर्म विरोधी 17 मांगों को पूरा करती है तो यह पूरे हिंदू समुदाय के लिए कितना खतरनाक होगा। हिंदुत्ववादी ताकतों के संयुक्त प्रयासों ने हिंदू एकता को मजबूत किया और साथ ही सभी राजनीतिक दलों, खासकर हिंदुत्व का विरोध करने वाले और शरिया का समर्थन करने वालों को एक मजबूत संकेत दिया कि हिंदुओं को हल्के में नहीं लिया जा सकता है और उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक नहीं माना जाना चाहिए।

फर्जी आख्यानों का भंडाफोड़ कैसे किया सभी क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों की टीम बनाकर और हर व्यक्ति तक सटीक जानकारी या आख्यान पहुंचाकर झूठे आख्यानों का भंडाफोड़ करना बहुत ही कारगर साबित हुआ है। राहुल गांधी और इंडी गठबंधन द्वारा प्रचारित हर झूठे आख्यान को तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर पूरी तरह से ध्वस्त किया गया है। इससे लोगों में यह जागरूकता भी बढ़ी है कि संविधान, आरक्षण, व्यापार, उद्योग, उद्योगपति, अर्थव्यवस्था, महाराष्ट्र के गुजरात से संबंध, जाट और अन्य स्थानीय मुद्दे और किसानों की समस्याओं के बारे में राहुल गांधी और विपक्ष द्वारा प्रचारित आख्यान सभी फर्जी हैं और सही आख्यानों को हिंदुत्ववादी ताकतों द्वारा व्यवस्थित तरीके से संबोधित किया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव में जाट और मराठा आरक्षण कारक ने भाजपा को बहुत नुकसान पहुंचाया। मराठा, जाट और ओबीसी जाति की राजनीति ने भाजपा और उसके सहयोगियों को काफी नुकसान पहुंचाया है। जाटों और मराठों के मन को बदलना मुश्किल था क्योंकि उनके पक्ष में कौन था और कौन उनके खिलाफ काम कर रहा था यह उन्हें समझाना मुश्किल था। साथ ही, ओबीसी की भावनाओं को भी ध्यान से संबोधित किया जाना चाहिए। हिंदुत्ववादी ताकतों ने इस जटिल कार्य को सहजता से पूरा किया, तथ्यों और आंकड़ों के साथ जागरूकता फैलाई कि क्यों सभी को हिंदुत्व के बैनर तले एकजुट होना चाहिए। इससे भाजपा और उसके सहयोगियों को बहुत लाभ हुआ है। मराठा, जाट और ओबीसी मतदाताओं ने जाति की राजनीति को दरकिनार करते हुए बेहतर और महान महाराष्ट्र और हरियाणा के पक्ष में बड़ी संख्या में मतदान किया।

जीत की ओर ले जाने वाली नीतियांचूंकि दोनों राज्यों में भी भाजपा की सरकार थी इसलिए मध्यम वर्ग, नव-मध्यम वर्ग, गरीब परिवारों, किसानों और मजदूरों के लिए पीएम मोदी की अलग-अलग योजनाओं को दोनों राज्य सरकारों ने सफलतापूर्वक लागू किया। बहनों के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित सबसे रोमांचक और प्रभावी पहल, ÷लाडली बहन योजना÷ ने भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगियों के पक्ष में एक मजबूत सकारात्मक लहर पैदा की है। महिला बल ने बड़ी संख्या में भाजपा और उसके सहयोगियों को वोट दिया।

जीत का केंद्र और इंडी गठबंधन पर क्या असर हालांकि झारखंड में भाजपा नहीं जीत पाई लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में इसकी जीत ने विपक्षी दलों सहित सभी के मन को मौलिक रूप से बदल दिया है, जो पहले मानते थे कि भाजपा का अंत शुरू हो गया है। केंद्र सरकार मजबूत होगी और राष्ट्रहित में और अधिक ठोस निर्णय लेगी। अस्थिरता का मुद्दा भी पीछे हट गया है। वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम, यूसीसी और अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को संसद के दोनों सदनों में जोरदार तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। अन्य दलों का समर्थन भी बढ़ेगा। इंडी गठबंधन के सहयोगी राहुल गांधी के नेतृत्व और कांग्रेस में विश्वास खो रहे हैं और वे जल्द ही अलग हो जाएंगे। इंडी गठबंधन के सहयोगी धीरे-धीरे समझ रहे हैं कि कांग्रेस के साथ सहयोग करने से उनकी क्षेत्रीय सफलता पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

पाकुड़ की खबरें

आदिवासी गांव में संदिग्ध गतिविधियों के आरोप में दो युवक गिरफ्तार, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

पाकुड़। संताल एक्सप्रेस। पाकुड़ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के काशीला गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। यह मामला थाना कांड संख्या 241/24, दिनांक 01.12.24, के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार युवकों में विकास तुरी (पिता दिलीप तुरी) और धनंजय ठाकुर (पिता दिलीप भंडारी) शामिल हैं, जो काशीला गांव के ही निवासी हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 126(2), 115(2), 76, 70(01), 62 और 3(5) बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया है। घटना तब सामने आई जब ये दोनों युवक संदिग्ध नीयत से आदिवासी गांव में घूमते हुए देखे गए। ग्रामीणों को इनकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिसके बाद उन्होंने सतर्कता दिखाते हुए दोनों को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि युवक गांव में किसी गलत उद्देश्य से आए थे, जिससे समुदाय में असुरक्षा का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ और जांच के बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।आदिवासी समाज के लोगों ने इस तरह की घटनाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है और प्रशासन से गांव की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है पुलिस गश्ती दल का फेरा बढ़ाया जाएगा।

खाली कोयला के 64 डंफरों पर कार्रवाई कर लाखों का लगाया जुर्माना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

हिरणपुर (पाकुड़)। निर्धारित रूट छोड़कर हिरणपुर के रास्ते परिचालन किये जा रहे खाली कोयला डंफरो पर रविवार देर शाम प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मराण्डी के नेतृत्व में अंचलाधिकारी मनोज कुमार व थाना प्रभारी नवीन कुमार ने देरशाम रानीपुर चेकनाका निकट 64 खाली डंफरो को पकड़कर 3.81 लाख की जुर्माना कर वाहनों को छोड़ा गया है। उपायुक्त के द्वारा खाली कोयला डंफरो को वापसी में रात के 11 बजे से सुबह चार बजे तक हिरणपुर के रास्ते अमड़ापाड़ा की ओर वापस जाने की निर्देश पूर्व में ही दिया गया था। इसके बावजूद चालको द्वारा पाकुड़ में कोयला उतारकर समयावधि के पूर्व ही डंफरो को हिरणपुर के रास्ते परिचालन किया जा रहा था। इसको

लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने कई बार कार्रवाई भी की , पर डंफरो का परिचालन नही रुका। जिसकारण हिरणपुर बाजार में आये दिन सड़क जाम की स्थिति बन जाती है , वही कई लोग दुर्घटना का शिकार भी हो चुका है। तेज रफ्तार से परिचालन किये जा रहे इस डंफरो के कारण क्षेत्र के लोग काफी भयाक्रांत भी है। खाली कोयला डंफरो को हिरणपुर सहित मोहनपुर , डांगापाड़ा के रास्ते भी दिन दहाड़े ले जाया जाता है। इसको लेकर क्षेत्र के लोगो द्वारा हर मंच पर इस समस्या को रखकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया था। पर प्रशासन के सख्ती के बावजूद डम्फर चालको की मनमानी जारी था। इसको देखते हुए एसडीओ के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने चेकनाका निकट सभी 64 डंफरो को पकड़ा व आर्थिक जुर्माना लगाकर छोड़ा गया। सीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि विभागीय निर्देशो के वावजूद डंफरो का परिचालन निर्धारित समय पूर्व इस पथ से मनमाने रूप से किया जा रहा था। इसको लेकर आवश्यक कार्रवाई की गई है।निर्धारित समय पूर्व इस पथ से डंफरो की परिचालन होने नही दी जाएगी। इसको लेकर निरन्तर कार्रवाई जारी रहेगी। वही प्रशासन की पैनी नजर बनी रहेगी। बहरहाल इस बड़ी कार्रवाई से कोयला ढोने वाले डम्फर मालिक व चालको पर हड़कम्प मचा हुआ है। प्रशासन को चाहिए कि हिरणपुर बाजार के मुख्य में आये दिन हो रहे सड़क जाम से भी निजात दिलाने की दिशा में पहल करें।

अधिवक्ता लिपिक संघ ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना

पाकुड़ । अधिवक्ता लिपिक संघ के दो सदस्य देवीलाल मुर्मू बीते - 30 11.24 शनिवार को वहीं क्रिस्टम मरांडी का सोमवार 02.12.2024 को स्वर्गवास हो गया । जिसको लेकर अधिवक्ता लिपिक संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार यादव के अध्यक्षता में अनुमंडल न्यायालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया तथा दोनों सदस्यों देवीलाल मुर्मू एवं कक्रिस्टम मरांडी के निधन पर संघ के सभी सदस्यों ने 2 मिनट का मौन रखा ।वहीं संघ के वरीय अधिवक्ता लिपिक तपन कुमार बनर्जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देवीलाल मुर्मू एवं क्रिस्टम मरांडी के दिवंगत आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करे । और शोक संतृप्त परिवार को यह वियोग सहन करने की शक्ति दे। सभी सदस्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित की। जिसमें संघ के कोषाध्यक्ष कैलाश कुमार केवट उपाध्यक्ष सुजीत विद्यार्थी सहित अन्य उपस्थित थे।

एसपी ने नए थाना भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़) पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सोमवार को हिरणपुर में निर्माण हो रहे नए थाना भवन का निरीक्षण किया। पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के तहत करीब ढाई करोड़ की लागत से यह भवन का निर्माण की जा रही है। जो अब पूर्ण होने की स्थिति में है। एसपी ने भवन के सभी कक्ष का अवलोकन किया। इसके बाद चाहरदीवारी कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कहा कि निर्माण कार्य मे किसी के द्वारा किसी प्रकार के अवरोध खड़ा किये जाने पर तुरन्त कार्रवाई करने का निर्देश थाना प्रभारी नवीन कुमार को दिया। उन्होंने संवेदक सेफ आलम को निर्देश दिया कि भवन व चाहरदीवारी निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करें।

ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ने निकाली रैली, गईता छाप पर वोट देने की अपील की

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा द्वारा होने वाली आगामी चुनाव के मदेनजर एक रैली निकाली गई जो यूनियन परिषर शाखा से होकर प्लेटफार्म नंबर वन होते हुए पाकुड़ यार्ड तक गई । जहां आगामी 4 ,5 ,6 दिसंबर को होने वाले यूनियन के चुनाव में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के गाईता छाप पर मोहर लगाकर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन को जीताने का आह्वान किया । ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा के शाखा सचिव संजय ओझा ने बताया की अपने कर्मचारी हित में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा ने पाकुड़ के रेल कर्मियों हेतु एक बहुआयामी सपना देखा है ,उसे पूरा करने के लिए पाकुड़ एवं नलहटी से गुमानी तक के सभी कर्मचारी ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन को विजयी बनाएं। मालूम हो कि चुनाव में कुल पांच श्रमिक संगठन खड़े हैं ।भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार जिस श्रमिक संगठन को 35त्न रेल कर्मचारी रेल कर्मचारियों का मत प्राप्त होगा ,वही रेलवे संगठन को रेल प्रशासन मान्यता देगी ।रैली में सभी विभाग के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं लगभग 150 की संख्या में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन को गाईता छाप पर वोट देकर जीतने के लिए नारा बुलंद किया। मौके पर शाखा अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे कार्यकारी अध्यक्ष कलीम अंसारी ,अमर कुमार मल्होत्रा ,कुंदन कुमार सिंह ,गौतम यादव ,दयाशंकर प्रसाद ,रामकुमार यादव, गुंजन कुमार, प्रीतम कुमार मंडल ,निरंजन कुमार ,संदीप दत्ता, निलेश प्रकाश बिहार कुमार सहित सैकड़ो रेलवे कर्मचारी सक्रिय दिखे।

अवैध कोयला लदा दो बाइक जब्त

महेशपुर (पाकुड़) थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात ने पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बलों के साथ मिलकर सोमवार अहले सुबह थाना क्षेत्र के चंडालमारा गांव के समीप अवैध कोयला लदा दो मोटरसाइकिल जब्त किया है।पुलिस को देखते ही मोटरसाइकिल पर अवैध कोयला ले जा रहे मोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल छोड़कर भाग निकले जब्त कोयला लदा मोटरसाइकिल थाना परिसर में रखा गया है। थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात ने बताया कि चंडालमारा गांव के समीप से 10 क्विंटल अवैध कोयला लदा दो मोटरसाइकिल को जब्त की गई है।

सुबह दस से दोपहर तीन बजे तक बाधित रहेगी बिजली

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)प्रखंड के विद्युत सब स्टेशन से मंगलवार को सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक 33 केवी अमड़ापाड़ा से विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए सहायक विद्युत अभियंता गिरधारी सिंह मुंडा ने बताया कि अमड़ापाड़ा फीडर से निकलने वाली सभी 33 केवी और 11 केवी लाइन बंद रहेगी। इस दौरान अमड़ापाड़ा फीडर में खराब इनशूलेटर, डिश, वी ब्रेकेट, पैनल स्विच और मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा।

रोड साइकिलिंग चैंपियनशिप में जिले के तीन खलाड़ी चयनित, जाएंगे उड़ीसा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। उड़ीसा साइकिलिंग एसोसिएशन एवं साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 29 वॉ नेशनल सीनियर, जूनियर,सब जूनियर रोड साइकिलिंग चैंपियनशिप का आयोजन 05 से 10 दिसंबर 2024 तक उड़ीसा के पुरी शहर में आयोजित किया गया है। उक्त प्रतियोगिता में पाकुड़ जिले के तीन खिलाड़ी सुधा कुमारी पासवान, समीर अंसारी, राज कुमार, झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिले के तीनों खिलाड़ी पूरी के4 लिए रवाना होंगे। पाकुड़ जिला साइकलिंग संघ के अध्यक्ष सह झारखंड साइकिलिंग संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिंहा ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षिका प्रोन्नति दास को ट्रैकसूट एवं कीट प्रदान किया। उक्त जानकारी पाकुड़ जिला साइकलिंग संघ सचिव रणवीर सिंह ने देते हुए बताया कि तीनों ही खिलाड़ी रांची में आयोजित 11वी झारखंड राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में पदक जीता था। उसी आधार पर इन तीनों खिलाड़ियों का चयन राष्ट्र स्तर की साइकिलिंग प्रतियोगिता में किया गया है। तीनों ही खिलाड़ी वर्तमान में (बी.जी.आर कॉल लिमिटेड) द्वारा संचालित पाकुड़ स्पोर्ट्स अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।उपायुक्त पाकुड़ मनीष कुमार ,पाकुड़ जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार , पाकुड़ जिला एथलेटिक संघ अध्यक्ष सह पाकुड़ जिला साइकलिंग संघ अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिंहा उर्फ बूल्टी, पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष अर्धेन्दु शेखर गांगुली,पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के महासचिव सह पाकुड़ जिला साइकिलिंग संघ के सचिव रणवीर सिंह, पाकुड़ जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव पंकज अग्रवाल,जिला एथलेटिक्स संघ,उपाध्यक्ष जयदेव कुमार मंडल ,सुजीत विद्यार्थी , नारायण चंद्र रॉय, प्रशिक्षक अक्षय बावरी,कृष्णा कुमार, ,प्रवीण कुमार, दीपक सिंह, आदि ने खिलाड़ियों शुभकामनाएं दी है।

समाजसेवी के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर आयोजित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़।समाजसेवी लुत्फुल हक के द्वारा समाजसेवा का कार्य निरन्तर जारी रखे हुए है , जो पाकुड़ जिले में अनुकरणीय मिसाल कायम किये हुए है। सोमवार को समाजसेवी के द्वारा हिरणपुर प्रखंड के मंझलाडीह गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर सेकड़ो लोगो को निशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया। इस शिविर में कोलकाता के नामचीन चिकित्सक डा. यासिह मित्रा व डा. तितास मल्लिक मुख्य रूप से उपस्थित थे। शिविर में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। जो अपने अपने इलाज के लिए उपस्थित थे। चिकित्सको ने करीब 200 मरीजो का इलाज किया व निशुल्क दवा का भी वितरण किया। इलाज कराने आये लोगो ने कहा कि शिविर से हमे काफी लाभ मिला। इस सम्बंध में समाजसेवी से सम्पर्क करने पर बताया कि इस प्रकार की स्वास्थ्य शिविर अन्य गांवों में भी आयोजित होगी। जहां लोगो को निशुल्क दवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। बहरहाल समाजसेवी के द्वारा की गई स्वास्थ्य शिविर से काफी संख्या में लोगो ने लाभ उठाया। इसके पूर्व में भी कोरोना काल हो या अन्य समय मे , समाजसेवी के द्वारा बढ़ चढ़कर आमलोगों की सहायता पहुंचाई है।

गुरुगोष्ठी में बच्चों के पोशाक खरीद की ली गई जानकारी

हिरणपुर (पाकुड़)। सोमवार को प्रखंड संसाधन केंद्र हिरणपुर में मासिक गुरुगोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें कक्षा एक व दो के बच्चो की पोशाक क्रय की जानकारी ली गई। गुरुगोष्ठी में बीईईओ रफीक आलम ने सभी शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पोशाक क्रय की यथास्थिति की जानकारी दे। बीईईओ ने वही कक्षा तीन से 12 वी तक के बच्चों के पोशाक के लिए बैंक खाता संख्या हार्ड कॉपी जमा करने को कहा। उन्होंने बच्चो की दिव्यंगता प्रमाणपत्र , एसएमसी प्रशिक्षण , मध्यान्ह भोजन की स्थिति , ई कल्याण , शिक्षक व बच्चो की उपस्थिति , शौचालय , पेयजल , यू डाइस 2024 -25 आदि विषयों का विद्यालयवार समीक्षा कर सम्बन्धित शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर बीपीओ किशन भगत , संजय जयसवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

दो अपराधी गिरफ्तार,भेजे गए हिरासत में

पाकुड़। पाकुड़ (मु0) थाना कांड संख्याट्ट 241/24, दिनांक 01.12.24, धारा ट्ट126(2)/115(2)/76/70(01)/62/3(5) बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त विकास तुरी पिता दिलीप तुरी 2. धनंजय ठाकुर पिता दिलीप भंडारी दोनों ग्राम काशीला थाना पाकुड़(मु0) जिला पाकुड़ के निवासी हैं। इन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

ई के ए सी को लेकर डीलरों के साथ बीडीओ ने की बैठक

लिट्टीपाड़ा(पाकुड़) सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के सभी डीलर के साथ समीक्षात्मक बैठक की।इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने सभी डीलरों को प्रखंड क्षेत्र में छुटे हुये कार्डधारी एवं सदस्यों का ई -के एय सी 10/12/2024 तक कराने, सोना- सोबरन धोती-साडी- लुगी वितरण 10/12/2024 तक करने एवं कार्ड धारियों का राशन कार्ड से आधार और मोबाइल से लिंक करने निर्देश दिए साथ ही एन एफ एस एम योजना अंतर्गत

08 दिसंबर से पल्स पोलियो अभियान की होगी शुरूआत : डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। डीसी विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गई है कि प्लस पोलियो अभियान की शुरुआत 08 दिसंबर से जिले में की जा रही हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीडीपीओं, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित नोडल अधिकारियों को निदेशित किया कि आपसी समन्वय के साथ अभियान

को सफल बनाने में सभी अपना पूर्ण योगदान दें। साथ हीं 08 दिसंबर बूथ डे के दिन ज्यादा से ज्यादा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही वैसे क्षेत्र जहाँ पर विगत वर्षों में पल्स पोलियो अभियान में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नही रहा है, उन सभी जगहों पर विजिट कर ग्राम सभा एवं जागरूकता के माध्यम से लोगो को जागरूक करें, ताकि अभियान में किसी भी स्तर पर कोई भी चूंक न हो। इसके अलावे डीसी विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गई कि 09 व 10 दिसंबर को शेष बचे बच्चों को स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा अगले दो दिनों तक डोर-टू-डोर जाकर पल्स पोलियो की दवा पिलायी जायेगी, ताकि अभियान की शत् प्रतिशत सफलता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उपायुक्त ने जिलावासियों से आग्रह करते हुए कहा कि पल्स पोलियो अभियान में सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने बच्चों के साथ आस-पड़ोस के बच्चों के परिजनों को जागरूक करते हुए पोलियो की खुराक अवश्य पिलाना सुनिश्चित करे, ताकि स्वस्थ बच्चे हमारे देश के बेहतर भविष्य बन सकें।

वैद्यनाथ कोरिडोर पर भ्रम की स्थिति को साफ करें प्रशासन : सूरज झा

देवघर संताल एक्सप्रेस । श्रद्धालुओं की सुविधा में बेहतरी के प्रयास के लिए देवघर का हर वर्ग शासन और प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का पक्षधर है। हर कोई बाबा वैद्यनाथ की नगरी और मंदिर की तंग गलियों का विकास और जीर्णोद्धार चाहता है लेकिन ऐसा काम तोड़ फोड़ के सहारे और विनाश से होकर गुजरे, ऐसा किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। देवघर का समाज विकास में सहयोगी है,बाधक नहीं। कोरिडोर पर आम जनता के बीच भ्रम की स्थिति है,जिला प्रशासन इस दुविधा पूर्ण स्थिति को दूर करें। उक्त बातें झामुमो जिला संयुक्त सचिव सूरज झा ने कही। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक देवघर में कोरिडोर के लिए काम विभागीय स्तर पर शुरू हो चुका है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान तीन समुदाय को है। सबसे अधिक बनिया - मारवाड़ी वर्ग प्रभावित होंगे और इसके बाद पंडा समाज को नुकसान होगा। बताया जा रहा है कि, 33 एकड़ में बाबा बैद्यनाथ कॉरिडोर विकसित होगा। इसके लिए बाबा मंदिर के आसपास के क्षेत्र को अधिग्रहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां तक मेरी जानकारी है अभी तक ऐसी कोई बात नहीं है। सरकार की मंजूरी सहित कई प्रक्रियाओं के बाद इसको धरातल पर लाया जाएगा।

मेगा पेंटिंग कंपिटिशन का आयोजन 22 को

देवघर संताल एक्सप्रेस । शहर परिक्रमा मेगा पेंटिंग कंपिटिशन, सीजन-10 को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आम सहमति बनी की शहर परिक्रमा मेगा पेंटिंग कंपिटिशन, सीजन-10 का आयोजन 22 जनवरी 2025 को शिल्पग्राम में आयोजित किया जायेगा। जिसमें छात्रों के बीच 3 ग्रुप प्रथम ग्रुप (ए)- वर्ग 3 तक, द्वितीय ग्रुप (बी)- वर्ग 4-7 एवं तृतीय ग्रुप (सी)- वर्ग 8-10 बनाये जायेगें। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता स्थल पर ही चित्रांकन हेतु सब्जेक्ट दिया जायेगा। इसके साथ ही निर्णय लिया गया कि प्रतिभागियों को प्रतियोगिता स्थल पर स्नैक्स भी दिया जाना है।वहीं निर्णय लिया गया कि मेगा पेंटिंग कंपिटिशन, सीजन-10 के दौरान बाल मेला का भी आयोजन किया जायेगा जिसमें अलग अलग विद्यालय के बच्चों द्वारा खाने पिने की वस्तुओं का स्टॉल लगाया जायेगा जिसमें बच्चे स्वयं की वस्तुओं का प्रबंध कर उसे बिक्री करेंगे और व्यवसाय के गुर सीखेंगे।

दास प्रथा उन्मूलन दिवस मनाने का मूल उद्देश्य दास प्रथा को समाप्त करना : अजय

देवघर संताल एक्सप्रेस । संताल परगना चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य अजय कुमार ने अंतरराष्ट्रीय दास प्रथा उन्मूलन दिवस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस दिवस को मनाने का मूल उद्देश्य पूरी दुनिया से आधुनिक दास प्रथा के प्रचलित स्वरूप जिसमें मानव तस्करी, यौन शोषण,बाल श्रम,जबरन शादी,बाल विवाह और सशस्त्र संघर्ष के दौरान बच्चों की सेना में जबरन भर्ती इत्यादि के पूर्ण रूप से उन्मूलन हेतु सार्थक प्रयास करना है। कुमार ने कहा कि हालांकि पुराने समय से चली आ रही दास प्रथा आज भी किसी न किसी रूप में बनी हुई हैं जिसे पूर्ण रूप से समाप्त करने का कर्तव्य एवं जिम्मेदारी सिर्फ सरकार का ही नहीं बल्कि आम लोगों का भी है। यह एक कटु सत्य है कि मजदूरों की तरह जीवन बिताने वाले बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय दास प्रथा उन्मूलन दिवस से जागरूकता लाना अहम है।

बिजली दर एवं फिक्स्ड चार्ज में बढ़ोतरी का प्रस्ताव हर वर्ग को परेशानियों में डालने वाला : प्रमिला देवी

देवघर संताल एक्सप्रेस । झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार,देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा एवं देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रमिला देवी ने जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बिजली दर एवं फिक्स्ड चार्ज में बढ़ोतरी का प्रस्ताव इस प्रदेश के व्यवसायिक वर्ग एवं आम जनता को आर्थिक परेशानियों में डालने वाला है। इंटक नेताओं ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं (व्यवसायिक वर्ग एवं आम जनता) को बहुत सारी समस्याओं से जूझना पड़ता है ऐसी स्थिति में उन पर पडने वाले आर्थिक बोझ को देखते हुए बिजली दर एवं फिक्स्ड चार्ज में बढ़ोतरी का प्रस्ताव निश्चित रूप से उनकी आर्थिक स्थिति पर चोट करने वाला एवं अन्याय पूर्ण प्रस्ताव है।

हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर सवाल उठाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई : हजरत ख्वाजा

मधुपुर संताल एक्सप्रेस । विश्वविख्यात सूफ़ी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह,जिन्हें पूरी दुनिया ख्वाजा गरीब नवाज के नाम से जानती है,उनकी अजमेर शरीफ स्थित साढ़े आठ सौ साल पुरानी दरगाह को मंदिर बताने और मुकदमा दर्ज कराने के प्रयास ने देश में सांप्रदायिक सौहार्द को झकझोर दिया है.इस गंभीर मामले पर सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी मोहम्मद कौसर हसन मजीदी एडवोकेट ने इस मुद्दे पर राष्ट्रपति, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, और राजस्थान के राज्यपाल को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई की अपील की है।

पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन को लेकर प्रखंडो में प्रशिक्षण कार्यक्रम

देवघर संताल एक्सप्रेस । जिले में 08 से 10 दिसंबर तक चलने वाले प्लस पोलियो अभियान के सफल संचालन को लेकर सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एएनएम, आशा वर्कर, सहिया एवं पर्यवेक्षकों को अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा सके। इसके अलावे प्रशिक्षण के दौरान सभी को जानकारी दी जा रही है कि घर घर पोलियो की दवा पिलाने के क्रम में सही तरीके से दीवाल पर मार्किंग किया जाए, ताकि आगे समस्या न हो। साथ ही पोलियो की दवा पिलाते हुए सभी बच्चों की बाये हाथ की छोटी अंगुली पर निशान लगाया जाये, सुपरवाइजर टीम के कार्यों को क्रॉस वेरिफिकेशन करेंगे और उनका ऑन जॉब ट्रेनिंग भी करते रहेंगे, जिससे कि जिले के शत-प्रतिशत जन्म से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दो बूँद पिलाई जा सके। आगे प्रशिक्षण के दौरान सभी को बताया गया कि 08 से 10 दिसंबर को एसएनआइडी पोलियो बूथ पर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को खुराक पिलाने के साथ छूटे हुए बच्चों को 09 व 10 दिसंबर को डोर- टू डोर जाकर पोलियो की खुराक पिलायी जायेगी।

कार्यालय नगर पंचायत, बरहरवा (साहेबगंज)
Email. ID- barharwaulb@gmail.com

"आम सूचना"

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बरहरवा क्षेत्रान्तर्गत आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि खुल में पेशाब या खुले में शौच करते हुए पकड़े जाने पर पेशाब के लिए 100 रू0 एवं खुले में शौच करते हुए पकड़े जाने पर 500 रू0 का आर्थिक दण्ड वसुला जायेगा।

Sd/-
प्रशासक
नगर पंचायत बरहरवा

PR 340986 Urban Development (24-25)_D

कार्यालय, नगर परिषद, दुमका
e-mail – dumka.nagar.parshad@gmail.com

|| आम सूचना ||

सरकार के सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचना ज्ञापांक सं0– Judico Ltd./Water supply/user charges policy/2619/2020/3427 रांची, दिनांक– 31.12.2020 के द्वारा "झारखण्ड नगरपालिका जल कार्य, जल अधिभार, जल संयोजन नियमावली, 2020" के प्रावधानों के तहत् नगर परिषद, दुमका अन्तर्गत जल संयोजन शुल्क की विवरणी निम्नवत् है :–

क्र0 1	नया जल संयोजन शुल्क (As per Build-up Area)	आवासीय / व्यवसायिक	राशि (रू0 में)
I	जल संयोजन शुल्क (1000 वर्ग फीट तक)	आवासीय	7000.00
II	जल संयोजन शुल्क (1001 से 3000 वर्ग फीट तक)	आवासीय	14000.00
III	जल संयोजन शुल्क (3001 से 5000 वर्ग फीट तक)	आवासीय	28000.00
IV	जल संयोजन शुल्क (5000 वर्ग फीट से अधिक)	आवासीय	42000.00
V	सांस्थिक एवं सरकारी उपभोक्ता / वाणिज्यिक उपभोक्ता / औद्योगिक उपभोक्ता	व्यवसायिक	Rs. 26.00 per Sqft [Built-up Area (BA)]
क्र0 2	अवैध जल संयोजन नियमितिकरण शुल्क	–	राशि (रू0 में)
I	जल संयोजन शुल्क (1000 वर्ग फीट तक) (रू0 7000.00 + रू0 4000.00 दण्ड शुल्क)	आवासीय	11000.00
II	जल संयोजन शुल्क (1001 से 3000 वर्ग फीट तक) (रू0 14000.00 + रू0 4000.00 दण्ड शुल्क)	आवासीय	18000.00
III	जल संयोजन शुल्क (3001 से 5000 वर्ग फीट तक) (रू0 28000.00 + रू0 4000.00 दण्ड शुल्क)	आवासीय	32000.00
IV	जल संयोजन शुल्क (5000 वर्ग फीट से अधिक) (रू0 42000.00 + रू0 4000.00 दण्ड शुल्क)	आवासीय	46000.00
V	सांस्थिक एवं सरकारी उपभोक्ता / वाणिज्यिक उपभोक्ता / औद्योगिक उपभोक्ता	व्यवसायिक	Rs. 26.00 per Sqft [Built-up Area (BA)] + Rs.10000/- दण्ड शुल्क

नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत जल संयोजन हेतु मासिक जल शुल्क

क्र0	इकाई (कि0 ली0)	आवासीय APL	आवासीय BPL	संस्थागत	व्यवसायिक	औद्योगिक
01	05 कि0 ली0 तक	निःशुल्क		Rs.8.40/KL	Rs.10.50/KL	Rs.14.00/KL
02	05 कि0 ली0 से 50 कि0 ली0 तक	Rs.7.00/KL	Rs. 3.50/KL	Rs.8.40/KL	Rs.10.50/KL	Rs.14.00/KL
03	50 कि0 ली0 से 500 कि0 ली0 तक	Rs.8.40/KL		Rs.10.08/KL	Rs.12.6/KL	Rs.16.80/KL
04	500 कि0 ली0 से अधिक	Rs.10.50/KL		Rs.12.60/KL	Rs.15.75/KL	Rs.21.00/KL

महत्वपूर्ण अनुदेश :–
1. नये जल संयोजन (New Water Connection) / नियमितिकरण हेतु आवेदन झारखण्ड नगरपालिका जल कार्य, जल अधिभार एवं जल संयोजन नियमावली – 2020 में निहित प्रपत्र – 'क' के अनुसार आवेदन सीधे नगर परिषद कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगें।
2. नगर परिषद क्षेत्र में प्लम्बिंग कार्य हेतु अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के लिए झारखण्ड नगरपालिका जल कार्य, जल अधिभार एवं जल संयोजन नियमवली – 2020 में निहित प्रपत्र 'ख' के अनुरूप आवेदन सीधे नगर परिषद कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगें।
3. उपरोक्त कंडिकाओं में वर्णित फार्म प्रपत्र – 'क' एवं प्रपत्र – 'ख' नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त प्रपत्र www.udhd.jharlkhand.gov.in अथवा dumka.nic.in के Document Section से भी Download किया जा सकता है।
4. गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों (House Hold)/(BPL) के लिए जल संयोजन निःशुल्क होगा।
5. उपभोक्ता द्वारा एकमुश्त जुर्माना की राशि भुगतान किये जाने पर जुर्माने के कुल राशि पर 10% की छूट दी जायगी।
6. नया जल संयोजन मीटर (ISI Mark) के साथ स्वयं / अनुमोदित एजेंसी के माध्यम से अधिष्ठापन करना अनिवार्य होगा।
7. इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर आवेदक आई0एस0आई0 प्रमाणित मीटर के साथ दुमका नगर परिषद के अनुज्ञप्तिधारी नलसाज (प्लम्बर) / अधिकृत अथवा अनुमोदित सस्था के द्वारा जल संयोजन अधिष्ठापित करते हुए इसकी सूचना दुमका नगर परिषद को समर्पित किया जायगा।
8. पुराने मीटर रहित जल संयोजन उपभोक्ता अविलम्ब अपने जल संयोजन को मीटर युक्त कराते हुए जल संयोजन का नियमितिकरण सुनिश्चित करेंगें। मीटर युक्त जल संयोजन नहीं पाये जाने पर नियमानुसार जुर्माना, जल संयोजन रद्द करने, जल संबंध विच्छेद सहित जल उपभोक्ता पर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जायगी।
9. इसके अतिरिक्त झारखण्ड नगरपालिका जल कार्य, जल अधिभार, जल संयोजन नियमावली, 2020" का अक्षरशः अनुपालन किया जायगा।
10. इस संबंध में भविष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड रांची अथवा केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए नियम / विनियम एवं दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
11. इस संबंध में पूर्व से अधिसूचित दरों को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

प्रशासक,
नगर परिषद, दुमका

PR 340992 (District)24-25*D

कार्यालय, नगर परिषद, दुमका
e-mail – dumka.nagar.parshad@gmail.com

|| आम सूचना ||

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निकाय की अनुमति के बिना शहरी क्षेत्र में आर0 ओ0 वाटर उपचार सयंत्र संचालित हो रहे हैं, जिससे शहरी क्षेत्र में भूगर्भ जलस्तर में लगातार कमी हो रही है। उक्त के आलोक में सरकार के प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड रांची की अधिसूचना ज्ञापांक – 08 / नियमावली (आर0ओ0) –1 / 2024 न0वि0आ0 – 3370, रांची दिनांक 06.09.2024 के द्वारा आर. ओ. वाटर उपचार संयंत्र संचालित करने हेतु रिवर्स ऑस्मोसिस वाटर (आर0ओ0 वाटर) उपचार संयंत्र संचालन एवं अनुज्ञप्ति नियमावली 2024 अधिसूचित की गई है जिसके तहत् जल आपूर्ति अभिकरण को निर्धारित अनुज्ञप्ति शुल्क एवं वार्षिक शुल्क की राशि डिमान्ड ड्राफ्ट (जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, दुमका के पदनाम से दुमका में देय होगा) के माध्यम से जमा करना होगा।

अनुज्ञप्ति प्राप्त करने एवं आर0 ओ0 वाटर उपचार संयंत्र संचालन हेतु नियम एवं शर्त्ते निम्न है :–

1. जल आपूर्ति अभिकरण को **प्रपत्र 'घ'** में अपना आवेदन समर्पित करना होगा। संबंधित प्रपत्र नगर परिषद, दुमका कार्यालय अथवा वेबसाईट – www.jharkhand.gov.in अथवा dumka.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।
2. अनुज्ञप्ति शुल्क रू0 5000 / – (पांच हजार) रू0 डिमान्ड ड्राफ्ट ।
3. वार्षिक शुल्क रू0 20,000 / – (बीस हजार) रू0 डिमान्ड ड्राफ्ट
4. अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु जल आपूर्ति अभिकरण को निम्नलिखित दस्तावेज समर्पित करना अनिवार्य होगा :–
   a. व्यक्तिगत मामले में आधार कार्ड।
   b. कम्पनी या फर्म के मामले में निगम या पंजीकरण का कागजात।
   c. अद्यतन बिजली बिल
   d. होल्डिंग कर रसीद
   e. केन्द्रीय भूगर्भ जल प्राधिकार के द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण।
5. आर0ओ0 वाटर के लिए मात्र बोरिंग / कुआँ का पानी का उपयोग किया जाएगा।
6. वर्षा जल संचयन का निर्माण कराना अनिवार्य होगा। जल आपूर्ति अभिकरण को फोटो के साथ वर्षा जल संचयन संरचना का विवरण समर्पित करना होगा। खुली भूमि के मामले में एक शपथपत्र समर्पित करना होगा कि संरचना का निर्माण होने के उपरांत वर्षा जल संचयन संरचना की व्यवस्था की जायगी।
7. नगर परिषद, दुमका में पंजीकृत रिग मशीन / वाहनों से ही बोरिंग कराना अनिवार्य होगा।
8. डिजीटल फ्लोमीटर लगाना एवं प्रत्येक दिन लॉग बुक का संधारण करना अनिवार्य होगा।
9. अनुपयोगी जल के लिए भूजल पूर्णभरण पिट बनाना अनिवार्य होगा।
10. आर0ओ0 वाटर उपचार संयंत्र को प्रत्येक वर्ष अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण कराना अनिवार्य होगा जिसके लिए कोई राशि आदेय नहीं है। परन्तु वार्षिक शुल्क का भुगतान प्रतिवर्ष करना होगा।
11. यदि अनुज्ञप्ति प्राप्त कोई आर0ओ0 वाटर उपचार संयंत्र केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण की मार्ग निर्देशिका का उल्लंघन किया जाता है तो उक्त संयंत्र की अनुज्ञप्ति की अवधि शेष रहते हुए भी बंद कर दिया जायगा तथा भविष्य में संयंत्र के संचालक को कोई अनुज्ञप्ति प्रदान नहीं की जायगी। वैसे आर0 ओ0 उपचार संयंत्र जो बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त किये संयंत्र का संचालन करते हुए पाये जाते हैं तो उन पर रू0 50,000 / – (पचास हजार) रू0 का दण्ड अधिरोपित किया जायगा। दण्ड जमा नहीं किये जाने की स्थिति में आर0 ओ0 वाटर उपचार संयंत्र को सील कर दिया जायगा।
12. जल आपूर्ति अभिकरण द्वारा प्रत्येक तीन महीने पर राज्य प्रयोगशाला या अन्य सरकारी संस्था से लैब टेस्ट कराते हुए नगर परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
13. नगर परिषद, दुमका की अनुमति के बिना बोरिंग अथवा कुआं खोदकर संयंत्र संचालन किये जाने की स्थिति में उक्त बोरिंग / कुआं को भर दिया जायगा।
14. आर0 ओ0 वाटर संयंत्र के चलते यदि नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत किसी क्षेत्र / वार्ड में भूमिगत जल स्तर कम हो रहा है तो निश्चित अवधि के लिए उस क्षेत्र में संचालित संयंत्र को बंद कर दिया जायगा।
15. बिना नगर परिषद में पंजीकृत रिग मशीन से बोरिंग किये जाने पर रू0 25,000 / – (पचीस हजार) रू0 दण्ड शुल्क की वसूली रिग मशीन / वाहन मालिक से की जायगी।
16. झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011, झारखंड जल कार्य, जल अधिभार एवं जल संयोजन नियमावली, 2020, केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण की अधिसूचना एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
17. इस संबंध में भविष्य में नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार अथवा केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये नियम / विनियम एवं दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

प्रशासक,
नगर परिषद, दुमका

PR 340994 District (24-25)_D

कार्यालय नगर पंचायत, बरहरवा (साहेबगंज)
Email. ID- barharwaulb@gmail.com

"आम सूचना"

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बरहरवा क्षेत्रान्तर्गत आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत् नगर पंचायत बरहरवा शहर ODF प्रमाण पत्र हेतु घोशित कर रहा है। यदि किसी को आपत्ति अथवा सुझाव हो तो कार्यालय अवधि में दो दिनों के अन्दर संपर्क कर सकते है।

Sd/-
प्रशासक
नगर पंचायत बरहरवा।

PR.NO.340991 Urban Development(24-25):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर
पुनः अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पुनः ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/DEOGHAR/32/RE2/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

क्र० सं० एवं ग्रुप सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	देवघर जिला अन्तर्गत मोहनपुर प्रखंड के मदरसा दारूल उलूम, मोरने में छात्रावास निर्माण कार्य।	22483000.00	449700.00	10000.00	12 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.12.2024 से दिनांक 10.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, देवघर
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 12.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004899141 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी। विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर।

PR 340966 Deoghar(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज

अति अल्पकालीन ई०-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– पुनर्निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/SAHIBGANJ /07/3rd call/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र० सं०/ग्रुप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	साहेबगंज जिला के बरहेट प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत सिमड़ा ग्राम दुधियापोखर एवं झिमौली के बीच नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण।	456.89600 लाख रूपये	9,14,000/- रूपये	10,000.00 रूपये	18 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– दिनांक 03.12.2024 से दिनांक 10.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, साहेबगंज।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 12.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431347401 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज

PR 340911 Rural Development (24-25)_D

कार्यालय, नगर परिषद, दुमका।
e-mail – dumka.nagar.parshad@gmail.com

|| आम सूचना ||

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, दुमका क्षेत्रान्तर्गत बड़ी संख्या में वाहनों / रिंग मशीनों के द्वारा अनाधिकृत रूप से बोरिंग कराया जा रहा है, जिससे शहरी क्षेत्र में भूगर्भ जलस्तर में लगातार कमी हो रही है। भूमिगत जलस्रोतों के अत्यधिक दोहन से ग्रीष्मकालीन ऋतु में आमजनों को जल संकट का सामना करना पड़ता है।

उक्त के आलोक में नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत वैसे वाहन मालिक / फर्म जिनके द्वारा नगर परिषद, दुमका शहरी क्षेत्र में बोरिंग का कार्य किया जा रहा है, को सूचित किया जाता है कि वे बोरिंग के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सभी रिग मशीन / वाहनों का नगर परिषद, दुमका कार्यालय में निबंधन करा लें। इसके लिए निबंधन शुल्क के रूप में 25,000 / – (पच्चीस हजार) रू0 का डिमान्ड ड्राफ्ट, (जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, दुमका के पदनाम से देय हो) जमा करना होगा। वाहनों / रिग मशीनों का पंजीकरण नहीं कराए जाने की स्थिति में वाहन मालिकों से 25,000 / – (पच्चीस हजार) रू0 दण्ड शुल्क की वसूली की जाएगी।

उक्त के संबंध में रिग मशीन / बोरिंग वाहन संचालक (स्वामी) को निम्न अनुदेशों का पालन करना होगा :–

1. नगर परिषद दुमका द्वारा निर्धारित प्रपत्र 'ख' में आवश्यक कागजातों के साथ आवेदन समर्पित करना होगा। उक्त प्रपत्र www.udhd.jharlkhand.gov.in अथवा dumka.nic.in के Document Section से अथवा कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. व्यक्तिगत मामले में आधार कार्ड।
3. कम्पनी या फर्म के मामले में निगम या पंजीकरण का कागजात।
4. वाहन पंजीकरण से संबंधित कागजात एवं अन्य कागजात
5. निबंधन एक वर्ष के लिए मान्य होगा।
6. प्रत्येक वर्ष निबंधित बोरिंग वाहनों का नवीनीकरण कराना होगा, इसके लिए 10,000 / – (दस हजार) रूपये का डिमान्ड ड्राफ्ट (जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, दुमका के पदनाम से देय हो) नगर परिषद, दुमका कार्यालय में जमा करना होगा। ससमय नवीनीकरण नहीं कराये जाने पर निबंधन स्वतः रद्द हो जाएगा।
7. भविष्य में इस संबंध में बनाये गये नियम / विनियम एवं दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

प्रशासक,
नगर परिषद, दुमका।

PR 340980 District(24-25)D

कार्यालय, नगर परिषद, दुमका
e-mail – dumka.nagar.parshad@gmail.com

|| आम सूचना ||

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, दुमका क्षेत्रान्तर्गत बड़ी संख्या में घरेलू उपभोक्ता / गृह स्वामी के द्वारा वाहनों / रिंग मशीनों के माध्यम से बोरिंग कराया जा रहा है, जिससे शहरी क्षेत्र में भूगर्भ जलस्तर में लगातार कमी हो रही है। भूमिगत जलस्रोतों के अत्यधिक दोहन से ग्रीष्मकालीन ऋतु में आमजनों को जल संकट का सामना करना पड़ता है।

अतः नगर परिषद, दुमका क्षेत्रान्तर्गत वैसे घरेलू उपभोक्ता / गृह स्वामी जिनको घरेलू उद्देश्यों की पूर्ति हेतु नलकूप (Tubewell/Borewell) कराने की आवश्यकता है, को निम्नांकित शर्त्तो के साथ बोरिंग कराने की स्वीकृति प्रदान की जायगी :–

1. नगर परिषद दुमका द्वारा निर्धारित प्रपत्र 'ग' में आवश्यक कागजातों के साथ आवेदन समर्पित करना होगा। संबंधित प्रपत्र वेबसाईट – www.jharkhand.gov.in अथवा dumka.nic.in के Document Section से अथवा कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
2. आवेदक को बोरिंग अनुमति शुल्क रू0 1,000 / – (एक हजार) रू0 डिमान्ड ड्राफ्ट (जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, दुमका के पदनाम से दुमका में देय होगा) के माध्यम से जमा कराने के उपरांत धृति संख्या (Holding No) के विरूद्ध बोरिंग कराने की स्वीकृति दी जायगी।
3. इस बात का शपथ पत्र समर्पित करना होगा कि बोरिंग कार्य निजी भूमि पर किया जायगा एवं बोरिंग से पेयजल / घरेलू उद्देश्यों (Drinking Water/Domestic purpose) की पूर्ति की जायगी।
4. बोरिंग का व्यास (Diameter) 4" (चार इंच), बोरिंग की गहराई (Depth) 200' (दो सौ) फीट तथा जल दोहन हेतु प्रयोग किये जाने वाले मोटर की क्षमता 1 HP से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. झारखण्ड नगरपालिका जल कार्य, जल अधिभार एवं जल संयोजन नियमावली 2020 के प्रावधानानुसार "जल संयोजन के अधिष्ठापन के पश्चात् बोरिंग को अवैध माना जाएगा। बोरिंग के पाये जाने पर जल संयोजन को अनाधिकृत माना जा सकता है।"
6. बोरिंग कराते समय बोरिंग स्थल के आस–पास संभावित निजी परिसर / सार

विजयपुर जोरियां में जर्जर पुल दुघर्टना का आमंत्रण दे रहा

संवाद सहयोगी, कुंडहित (जामताड़ा)इन दिनो पालाजोड़ी पंचायत अंतर्गत विजयपुर जोड़ियां में बनें पुल 40 वर्ष पुरातन पुल दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है। पुरातन पुल होने के कारण विभिन्न स्थानों ने दरार देखा जा रहा है। उक्त सड़क होकर प्रतिदिन दर्जनों दुपहिया एंव चार पहिए वहन का आवागमन करते है। पुल का स्थिति ऐसी है की पुल बीचो बीच दरार आ गयी है। जो कभी भी टुटकर दुर्घटना की शिकार हो सकती है। **दर्जनो गांव के लोग करते है आवागमन** तुलसीचक एंव विजयपुर के बीच जोड़ियां पर बने पुल से दर्जनों गांव विजयपुर, जलालपुर, दलचक, कुमारपुर आदि गांवों के लोग आवागमन करते है। इसी रास्ते होकर लोग प्रखंड मुख्यालय पहुंचते है। साथ ही विद्यार्थी स्कूल एंव कॉलेज जाने के लिए इसी जर्जर पुल पार करके ही स्कूल एंव कॉलेज पहुंचते है। जबकि बर्षात के समम पुल के पानी चढ़ जाने से दो तीन महिना ग्रामीण लोग डर से आवागमन नही किया। **क्या कहते है ग्रामीण:** विजयपुर गांव के सप्तम मंडल, राधेश्याम घोष, घनश्याम घोष, मृत्यंजय मंडल वही जलालपुर गांव के सत्तार खान, आइनुल खान आदि लोगो ने बताया विजयपुर जोड़ियां पर 1980 के दशक में बने पुल के बीचों बीच दरार आ गया है। कभी भी बड़ा दुर्घटना घट सकती है। पुल काफी कमजोर हो गया है, एंव बीच में फाटल आ गया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से उक्त सड़क की जांच कर जल्द से जल्द जर्जर पुल निर्माण की मांग किया।

शहर में अतिक्रमणकारियों पर दूसरे दिन भी चला नगर परिषद का बुलडोजर

गोड्डा सं। शहर में बढ़ते जाम की समस्या को देखते हुए सोमवार को जिला प्रशासन के द्वारा कारगिल चौक से लेकर भागलपुर रोड स्थित गांधी नगर गोढ़ी चौक तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, बैद्यनाथ उरांव और जिला परिवहन पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गोड्डा, कंचन कुमारी भुदोलिया, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद आशीष कुमार ने किया। अभियान के तहत सड़कों और नालों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। वहीं सड़क और नाले पर हो रहे अतिक्रमण को चिन्हित करने के लिए पीले रंग से सीमांकन किया गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सड़क पर अनाधिकृत रूप से रखे सामान को जब्त किया और अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस तरह का कार्य करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। इस अभियान में उन दुकानदारों को निशाना बनाया गया, जो अपनी दुकानों का सामान सड़क पर फैलाकर बिक्री करते हैं। ऐसे दुकानदारों का सामान जब्त कर उन्हें आर्थिक दंड दिया गया। इस अभियान के दौरान सड़क पर लगे वाहन के मालिकों को सलाह दी गई कि नो पार्किंग जोन में गाड़ी नहीं लगाया जाए। वाहन हमेशा पार्किंग जोन में रखें। वहीं संबंधित अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा ताकि शहरवासियों को जाम की समस्या से निजात मिल सके। अभियान के दौरान नगर परिषद कार्यालय के पदाधिकारी गण एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे। यह पहल गोड्डा शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए एक अहम कदम साबित हो सकती है।

पल्स पोलियो को लेकर वैक्सीनेटर को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। सोमवार को नाला च के सभागार में पल्स पोलियो कार्यक्रम को लेकर वैक्सीनेटरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लियाकत अंसारी की अध्यक्षता वह देखरेख में की गई। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी ने सभी वैक्सीनेटर एवं अन्य चिकित्सा कर्मियों को पल्स पोलियो कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने तीन दिवसीय पल्स पोलियो कार्यक्रम को लेकर सभी वैक्सीनेटरों को आइस पैक का रखरखाव ,भायल का रखरखाव ,पिलाने की विभिन्न तकनीकी जानकारी दी गई साथ ही टेली सीट के बारे में जानकारी दी एवं टेलीसीट मॉनिटरिंग अपडेट के बारे में भी बताया गया7इसके अलावे भीभीएम, आईसपैक की गुणवत्ता को लेकर विस्तृत जानकारी दी साथ ही दीवाल लेखन में एक्स तथा पी मार्किंग को लेकर भी जानकारी दी गई एवं शत-प्रतिशत लक्षित बच्चें को पोलियो ड्रॉप से आच्छादित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 0-5 आयु वर्ग के कुल 20444 बच्चे को पोलियो ड्रॉप से आच्छादित करने का लक्ष्य है। जिसे सभी वैक्सीनेटर एवं अन्य कर्मी को सामूहिक प्रयास से सत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करना है इसके लिए समर्पित होकर सभी कर्मी कार्य करें 7इस अवसर पर बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू ,श्यामभर सिंह ,एमटीएस अहमद रेजा परवेज लेखा प्रबंधक सूरज कुमार वर्मा , मिताली मंडल, दासीमुनी हांसदा ,शांता दास ,ललीता भंडारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी तथा चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद थे।

आइओसीएल पाइपलाइन से तेल चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता जामताड़ा । पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारिब के द्वारा हल्दिया बरौनी तेल पाइपलाइन से तेल चोरी करने के मामले में नाला थाना पुलिस को विशेष रूप से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। आई0ओ0सी0एल0 अन्तर्गत पाइपलाइन से तेल चोरी के कांडों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी ने सख्त निर्देश दिए थे। निर्देश के आलोक में नाला थाना कांड सं0 58/24 दिनांक 06 जून 2024 में संलिप्त अपराधी के गिरफ्तारी के लिए निरंतर नाला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापामारी की जा रही थी। लगातार हो रही छापामारी में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी और मामले से जुड़े दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। सोमवार को पुलिस कार्यालय में एसपी एहतेशाम वकारिब ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर इस बाबत खुलासा किया। बताया कि इस कांड में संलिप्त अरविंद यादव, जौनपुर उत्तर प्रदेश की गिरफ्तारी दि0 रविवार को की गई है। उल्लेखनीय है कि अरविंद यादव तेल पाइपलाइन से चोरी करने वाला प्रमुख तकनिकी अपराधी है। यह नाला, आसनसोल, बिहार, गुजरात, उत्तर प्रदेश इत्यादि क्षेत्रों के पाइपलाइन से तेल चोरी करने में प्रमुख तकनिकी सहयोग प्रदान करता रहा है। पूर्व में भी यह पाइपलाइन से तेल चोरी करने के आरोप में पं0बंगाल से गिरफ्तार होकर जेल जा चूका है। वर्तमान समय में यह पूनः जेल से निकलकर तेल चोरी करने के लिए बंगाल एवं नाला क्षेत्र में रेकी कर रहा था। इसी कम में नाला पुलिस के द्वारा रविवार को विधिवत इसके एक सहयोगी शेख नसरूध्दीन, पाण्डेश्वर, पं0 बंगाल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से बरामद किये गए सामानों में पाइप में लगने वाले भल्व 2 इंच का 02 पीस, नट बॉल्ट कुल 12 पीस, जीओ कम्पनी का एक कीपैड मोबाइल, एक वीवो कम्पनी का एंड्राइड मोबाईल, एक्सीस बैंक का पांच ए0टी0एम0 कार्ड, यूनियन बैंक का एक ए0टी0एम0 कार्ड, एयरटेल कम्पनी का चार सीम कार्ड, जीयो कम्पनी का 03 सीम कार्ड शामिल है।

एक स्वर्ण एवं एक रजत सहित 10 पदक हासिल कर गोड्डा के पहलवानों ने दिखाया जलवा

गोड्डा । पलामू के पिपरा में संपन्न 25वीं झारखंड राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में गोड्डा से शामिल 20 पुरुष एवं महिला पहलवानों में से दस ने पदक हासिल कर एक बार फिर जिला का मान बढ़ाया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कुश्ती संघ सचिव सुरजीत झा ने बताया कि पदाकवीर पहलवानों में जहां प्लस टू उच्च विद्यालय तरडिहा के मो. जमील आलम ने ग्रीको रोमन स्टाइल के 45 किग्रा भार स्पर्धा का स्वर्ण तथा एसबीएसएसपीएस पथरगामा कॉलेज के पियूष कुमार साह ने 92 किग्रा का रजत हासिल कर गोड्डा को गौरवान्वित किया वहीं 55 किग्रा में एस बीएसएसपीएस पथरगामा कॉलेज के ही रौशन कुमार साह, 60 किग्रा में संतोष कुमार यादव, 72 किग्रा में प्लस टू उच्च विद्यालय रमला के गुरूदेव पूर्वे, 77 किग्रा में भारत - भारती पब्लिक स्कूल के पार्थ चंद्रा ने जबकि फ्री स्टाइल के 61 किग्रा भार स्पर्धा में प्लस टू उच्च विद्यालय धपरा के पवन कुमार यादव, 65 किग्रा में प्लस टू तरडीहा के अमन कुमार यादव तथा 86 किग्रा में सोनी पासवान के अलावा महिला वर्ग के 55 किग्रा भार स्पर्धा में कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय ठाकुर गंगटी की राखी कुमारी ने कांस्य हासिल कर पदकों को संख्या को दहाई अंक में पहुंचाकर प्रतियोगिता में गोड्डा की दमदार उपस्थिति दर्ज की।पहलवानों की इस उपलब्धि पर जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो एवं बालिका शिक्षा पदाधिकारी सोनी कुमारी सहित जिला कुश्ती संघ के पदाधिकारियों में मनोज कुमार पप्पु, मनीष कुमार सिंह, अखिल कुमार झा, आशुतोष झा, मिथिलेश कुमार, नीरज कुमार सिंह, दयाशंकर, संगीता कुमारी एवं मुकेश कुमार भारती के अलावा साथी पहलवानों में लक्ष्मण बेसरा, जीत सिंह एवं फैजल खान ने पदकवीर पहलवानों के साथ - साथ कोच राहुल कुमार व टीम मैनेजर अंकित टुडू तथा महिला टीम मैनेजर लीना सोरेन को बधाई दी है। टीम की वापसी पर जिला कुश्ती संघ की ओर से मनोज कुमार पप्पु, दयाशंकर, नीरज कुमार सिंह एवं मुकेश कुमार भारती ने गोड्डा रेलवे स्टेशन पर सभी पदकवीरों एवं टीम मैनेजर एवं कोच का फूल मालाओं से गर्म जोश स्वागत - अभिनंदन किया।

जिले में चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की डीसी ने की समीक्षा बैठक

गोड्डा सं । जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में जिले में चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक के दौरान विभिन्न विभागों यथा- खाद्य आपूर्ति आपूर्ति विभाग, पेय जल एवं स्वच्छता विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पथ निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा -निर्देश दिए गए। खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में पीडीएस डीलरों के द्वारा चावल वितरण के समय संबंधित विभागीय पदाधिकारी की उपस्थिति में चावल वितरित किए जाएं। साथ ही सुयोग्य सुयोग्य लाभूकों को चावल दिवस के दिन चावल की आपूर्ति की जाए। चावल वितरण से संबंधित किसी भी प्रकार की अनियमिताएं बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य सुंदर पहाड़ी प्रखंड अंतर्गत पेयजल स्रोतों की स्थिति, पानी टंकी की स्थिति, चापाकल के मरम्मती का कार्य आदि से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सिविल सर्जन, गोड्डा से सुंदर पहाड़ी प्रखंड अंतर्गत मलेरिया नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, ताकि संभावित मलेरिया रोग से ग्रसित लोगों की सही से जांच कर मलेरिया रोग पर नियंत्रण पाया जा सके। मलेरिया के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए डीडीटी का छिड़काव कराया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत चिन्हित गांवों में लगातार घर घर सर्वेक्षण का कार्य स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा किया जा रहा है। आरडी किट के द्वारा लोगों की मलेरिया जांच की जा रही है। उक्त बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया विभिन्न विभाग अंतर्गत पेंडिंग पड़े कार्यो को यथाशीघ्र निष्पादन किए जाए ताकि जिले के विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। मौके पर उप विकास आयुक्त गोड्डा, स्मिता टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, बैद्यनाथ उरांव, जिला नजारत उप समाहर्ता गोड्डा, श्रवण राम, जिला परिवहन पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गोड्डा, कंचन कुमारी भुदोलिया, जिला शिक्षा पदाधिकारी गोड्डा, मिथिला टुडू, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद थे।

महिला कॉलेज में हुआ अभिभावक - शिक्षक बैठक

गोड्डा = स्थानीय महिला कॉलेज सभागार में सोमवार को अभिभावक - शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या डॉ. सुमनलता की अध्यक्षता में आहूत बैठक में विषय प्रवेश डॉ. सुधि वत्स ने तथा स्वागत संबोधन डॉ. नूतन झा ने किया। बैठक में बतौर अभिभावक शामिल टीप लाल साह, समीर दूबे, अशोक शुक्ला, भूदेव पंडित, अंजनी कुमारी, कविता झा, कन्हाई प्रसाद, कांग्रेस राय, बेबी देवी, सुसाना सोरेन आदि ने कॉलेज के वर्तमान शैक्षणिक स्तर एवं प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कॉलेज के उत्तरोत्तर सर्वांगीण प्रगति की कामना की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं में डॉ. सीमा परवीन, डॉ. साबरा तबस्सुम, प्रो. बिंदु कुमारी, डॉ. संध्या रानी मिश्रा, डॉ. विभा राय, प्रो. नीलम सिंह, डॉ. संजू सिंह, प्रो. श्वेता दूबे, डॉ. ब्रजेश मिश्रा, प्रो. पूनम झा, प्रो. विभा सिंह, प्रो. सुहागिनी मरांडी एवं डॉ. रेखा कुमारी के अलावा गैर शैक्षिक कर्मियों में मनोरमा कुमारी, शिल्पा कुमारी, किरण कुमारी, रंजना कुमारी एवं साधना कुमारी शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. श्वेता दूबे ने किया।

महिला कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्राओं का हुआ सम्मेलन

गोड्डा = संताल एक्सप्रेस संवाददाता। स्थानीय महिला कॉलेज में रविवार को पूर्ववर्ती छात्रा सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में कॉलेज की स्थापना काल से लेकर पिछले सत्र तक की पास आउट छात्राएं जिनमें विभिन्न पेशे से जुड़ी महिलाएं एवं गृहिणियां शामिल हैं, उत्साह के साथ शरीक हुईं। शामिल प्रतिभागियों में मुख्य रूप से एडवोकेट रीना कुमारी डे, न्यूटूल पब्लिशिंग हाउस की जिला प्रभारी मोनिका लाल, मुखिया रीना सोरेन, गृहिणी श्वेता कुमारी, ज्योति चौधरी, अध्यात्म प्रचारिका राजश्री वत्स, शिक्षिका निक्की कुमारी, निर्मला कुमारी, शिक्षिका कुमारी प्रीति प्रिया, पोषण सखी रानी कुमारी, ब्यूटीशियन रेशमा कुमारी, शिक्षिका ब्यूटी रानी, रौशन खातून, हिमाली मरांडी, जीनत आरा, मुसर्रफ जमाल, शिक्षिका मेहविश नाज़, शिक्षिका अंकिता दूबे, ऑफिस असिस्टेंट सीनू कुमारी, शिक्षिका प्रगति आर्या, इ कॉमर्स से जुड़ी मोनिका कुमारी, शिक्षिका फजा इरम, शिक्षिका सनोवर परवीन, ब्लॉक कर्मी सा मरांडी, सादिकी खातून, नेट उत्तीर्ण कोमल कुमारी, अदिति कुमारी, माहेरुख, लिपि वत्स, अंजना झा, शिक्षिका आहुति प्रिया आदि के नाम शामिल हैं। डॉ. साबरा तबस्सुम की अध्यक्षता तथा डॉ. नूतन झा के संचालन में आयोजित समारोह में कॉलेज के प्राध्यापक - प्राध्यापिकाओं में प्रो. बिंदु मंडल, डॉ. ब्रजेश मिश्रा, डॉ. सुधि वत्स, डॉ. संजू सिंह, डॉ. रेखा कुमारी, डॉ. अरविंद झा, डॉ. अरविंद यादव, प्रो. सुहागिनी मरांडी, प्रो. श्वेता दूबे, प्रो. विभा सिंह, डॉ. विपिन बिहारी, डॉ. ब्रजेश चौधरी, प्रो. मनोज शर्मा एवं प्रो. पूनम झा के अलावा गैर शैक्षिक कर्मियों में शिल्पा झा, मनोरमा कुमारी, किरण कुमारी, अंशुमान झा, कैलाश महतो, संजय तिवारी एवं संजू देवी उपस्थित थे जबकि केंद्रीय महिला आयोग की सदस्या सह पूर्ववर्ती छात्रा ममता कुमारी एवं कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या डॉ. सुमनलता ने ऑनलाइन रहकर अपनी उपस्थिति दर्ज की। विषय प्रवेश डॉ. सुधि वत्स ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. पूनम झा ने किया। उन्होंने बताया कि सोमवार 2 दिसंबर को कॉलेज सभागार में अभिभावक - शिक्षक बैठक होना है।

माध्यमिक शिक्षक संघ ने रवींद्र नाथ महतो को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

फतेहपुर,(जामताड़ा) । झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से झारखंड विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक के पुनः जीत पर स्वागत एवं बधाई दिया गया। संघ के जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि श्री रवीन्द्र नाथ महतो के दृष्टिकोण एवं प्रयास से शिक्षक एवं शिक्षा हित में ही नहीं अपितु सभी कर्मी वर्ग को सरकार के नीतिगत फैसलों से लाभ मिला है। पुनः इस बार भी सरकार में श्री महतो जी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से इनके विकासशील दृष्टिकोण एवं व्यपाक कार्य क्षमता का लाभ इस प्रदेश को मिलेगा। जो राज्य के विकास में एक आयाम साबित होगा। मौके पर संयुक्त सचिव नागेन्द्र पोईटांडी, डॉ मदनमोहन गोराई, साधन राणा, नवीन सिन्हा, उपाध्यक्ष अनिमेष पान, जय प्रकाश नारायण, मुकेश यादव, अरबिंद सामंत, सुनिराम किस्कू, अनिमेष मंडल, प्रदीप मंडल आदि दर्जनों माध्यमिक शिक्षक उपस्थित थे।

मारपीट कर जख्मी करने के आरोपित को सश्रम कारावास

गोड्डा । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार वैश्य के न्यायालय ने एकमत होकर मारपीट कर जख्मी करने के आरोप में नगर थाना क्षेत्र के गंगटा निवासी वसीत रमाणी को दोषी पाकर पांच वर्ष सश्रम करावास व 5000 रूपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर छह माह सजा से दंडित किया गया है। नगर थाना क्षेत्र के गंगटा खुर्द के काली मंदिर निवासी अभिषेक रमाणी ने नगर थाना क्षेत्र में दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि 26 जनवरी 2014 को 12 बजे पानी का पंपसेट बाजार से खरीदकर ला रहा था। जैसे ही घर पर आया तो देखा कि उसके पिताजी सुरेन्द्र रमाणी को वसीद रमाणी एवं बुधन रमाणी गाली- गलौज कर रहा था। उसने गाली देने से मना किया तो वसीद रमाणी ने घर से टांगा लाकर प्रहार कर दिया। इससे उसके पिताजी के माथे जख्मी हो गया और खून बहने लगा। हल्ला सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और झगड़ा को सांत कराकर जख्मी के इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। झगड़ा का मुख्य कारण मेरे दुकान के सामने उसका भी दुकान है। इसलिए पानी गिराने को लेकर हल्का विवाद होता रहता है। 2009 में भी उसके साथ विवाद हुआ था। ये लोग बराबर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते रहते थे। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय के समक्ष नौ गवाहों का परीक्षण कराया गया। उभय पक्षों की दलील सुनने के उपरांत वसीद रमाणी को दोषी पाकर सजा सुनाई गई जबकि एक अन्य आरोपित बुधन रमाणी को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया गया।

शहर में सड़क जाम की समस्या को लेकर नगर थाना में एसडीओ ने की बैठक

गोड्डा = जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने के उद्देश्य से नगर थाना परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में शहर में लगातार जाम हो रहे सड़क से लोगों को हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मालूम हो कि गोड्डा में रेल के परिचालन के बाद से शहर के विभिन्न जगहों पर प्रतिदिन जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मुख्यालय स्थित महिला कॉलेज बायपास, मेला मैदान के सामने का बायपास, कारगिल चौक, हटिया चौक, रौतारा चौक, मिशन चौक, न्यू मार्केट- गुलजारबाग रोड आदि प्रमुख जगहों पर सड़क जाम के कारण यातायात व्यवस्था जहां प्रभावित हो रही है वहीं लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बताया गया कि इसी विषय को लेकर आज बैठक का आयोजन किया गया जहां सड़क जाम से लोगों को निजात दिलाने को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अशोक प्रियदर्शी, नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, समाजसेवी एवं प्रबुद्धजनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

नौ दिवसीय शिव शक्ति महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

ठाकुरगंगटी = प्रखंड शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर के निकट सोमवार से प्रारंभ होने वाली नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शिव शक्ति महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का उद्घाटन त्यागी बाबा, लाल बाबा सहित समाज के बुजुर्ग ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों का द्वारा फीता काटकर किया गया। वहीं रथ, झंडा, बैनर, ढोल- बाजे, 1008 कलश के साथ भव्य यात्रा निकाली गई। यज्ञ मंडप में कलश यात्री द्वारा 11 परिक्रमा करने के बाद शोभा यात्रा प्रारंभ की गई। कलश यात्रा सदर गंगटी, चजोरा, संथाली टोला, चजोरा, हरिपुर बहरमल, मझकोला, बिहारी, मोरडीहा, परासी चौक मार्ग होते हुए कौवा नदी में कलश में जल भरने के बाद वापस कलश यात्रा यज्ञ स्थल पर पहुंची। विधिवत मंत्रोच्चारण के बाद यज्ञ मंडप की चारों दिशा में कलश को रखा गया। यज्ञ के आयोजक त्यागी बाबा और सहयोगी लाल बाबा द्वारा कलश यात्रियों, आयोजन समिति सदस्यों, प्रखंड क्षेत्र के तमाम ग्रामीण श्रद्धालुओं, नवयुवकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सबों को इस नौ दिवसीय महायज्ञ के दौरान रहन-सहन, खान पान, विधि व्यवस्था, सुरक्षा एवं कई प्रकार की रखरखाव, सेवा, भावना, यज्ञ मंडप, प्रतिमा स्थल, कथा पंडाल, साधु संतों की कुटिया की देखरेख आदि के बारे में विस्तार से सलाह दी गई। कलश शोभा यात्रा के दौरान जय जय श्री राम, जय हनुमान, भारत माता की जय सहित अन्य देशभक्ति और धार्मिक गीतों पर नवयुवक सहित हजारों श्रद्धालु पूरे रास्ते में ताली बजाकर झूमते नजर आए।बनारस नाथ धाम से ही कृपा कर पधारे यज्ञाचार्य हरेंद्र शास्त्री जी महाराज, बबलू द्विवेदी, महाराज,पीयूष द्विवेदी, महाराज,अरविंद पांडे, महाराज और दीवान महाराज द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हवन कराया जाएगा। वहीं यज्ञ को सफल बनाने में प्रचलित संत स्वामी लाल बाबा, प्रोफेसर अशोक ठाकुर, संजीव ठाकुर, मुंशी पंडित, शशांक कुमार, रिशु कुमार, विनय ठाकुर, संजय ठाकुर, रंजन ठाकुर, बिंदु ठाकुर, राजीव पासवान, लोकनाथ ठाकुर, चंदा पंचायत के मुखिया सह समाजसेवी अवधेश ठाकुर, डॉ0 उमेश प्रसाद शाह, मिथुन कुमार मंडल, मिथिलेश रंजन, अमित कुमार, रंजीत ठाकुर, संतोष कुमार समेत अन्य लोग शामिल है।

दस बजे दस मिनट पूर्वजों के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

गोड्डा। प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को देश के स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदो के वंशज व परिजनों द्वारा प्रस्तावित देशव्यापी कार्यक्रम ÷दस बजे दस मिनट अपने पूर्वजों के नाम÷ के तहत रविवार को नियत समय पर स्थानीय शहीद स्तम्भ परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ द्य उक्त आशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक व जमनी पहाड़पुर के स्वतंत्रता सेनानी स्व. छेदी प्रसाद झा के पुत्र दिवाकांत झा ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल अंग क्षेत्र के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पंडित रणजीत झा के तृतीय पुत्र व लोक मंच सचिव सर्वजीत झा ÷अंतेवासी÷ तथा पंचम पुत्र सह विभिन्न खेल संघ सचिव सुरजीत झा, ग्राम हिलाबै के स्वतंत्रता सेनानी नंदकिशोर मांझी के पुत्र ओम प्रकाश मांझी, मल्हारा के स्वतंत्रता सेनानी स्व. धनेश्वर पंडित के पुत्र संतोष कुमार पंडित, करमाटांड़ के स्वतंत्रता सेनानी स्व. गंगा राम ठाकुर के पौत्र जीवकांत ठाकुर, कुसमा ललमटिया के स्वतंत्रता सेनानी स्व. भिड्डा मुर्मू के पुत्र मोतीलाल मुर्मू, ग्राम कुसुमा के ही स्वतंत्रता सेनानी शोभा सोरेन की पत्नी रामदी मरांडी, पुत्रवधु रोजमेरी टुडू, पोता कोहिनूर सोरेन एवं पोती साक्षी सोरेन, स्माइल, महेशपुर के प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी स्व. शुद्धदेव झा ÷उत्पल÷ के वंशज सुनील कुमार झा के अलावा ग्राम सरवा के ओम कुमार द्वारा राष्ट्रपिता बापू एवं लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के पश्चात स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के सम्मान में जयकारे लगाकर अपने पूर्वजों के साथ- साथ देश की आजादी में शामिल सभी संग्रामियों के प्रति श्रद्धाभाव एवं आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का समापन परंपरानुसार राष्ट्रगान से हुआ।

सनातन फाउंडेशन की गोड्डा शाखा ने अपने संरक्षक को दी श्रद्धांजलि

गोड्डा । सनातन फाउंडेशन देवघर की गोड्डा जिला शाखा द्वारा रविवार को एक शोक सभा का आयोजन कर फाउंडेशन के संरक्षक एवं देवघर जिला कुश्ती संघ, हॉकी देवघर एवं सनातन फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष विजय प्रताप सनातन के पिता स्व. वेदानंद सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। स्व. सिंह का निधन गत 26 नवंबर को उनके जसीडीह स्थित आवास पर हुआ। बांका जिला जदयू के अध्यक्ष सहित अनेक राजनीतिक एवं सामाजिक सांगठनिक पद को सुशोभित कर चुके स्व. सिंह की पहचान बांका जिला के एक कद्दावर नेता के रूप में थी। एक बड़ी सड़क दुर्घटना की वजह से वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। शोक - सभा को संबोधित करते हुए लोक मंच सचिव सह अधिवक्ता सर्वजीत झा ÷अंतेवासी÷ ने कहा कि मूल रूप से पड़ोसी जिला बांका के ककवारा गांव के वेदा चाचा जी का निधन जहां उनकी पारिवारिक क्षति है वहीं बांका जिला ने एक अदम्य साहसी धरतीपुत्र को खो दिया। सभा का संचालन करते हुए जिला कुश्ती संघ एवं हॉकी गोड्डा के सचिव सह फाउंडेशन के गोड्डा जिला संयोजक सुरजीत झा ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. वेदा चाचा जी राजनीतिक, सामाजिक एवं पारिवारिक तीनों क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय कार्य से सदा याद किए जाएंगे। उनकी असीम जीवटता ही थी की लगभग 90 की उम्र में भी अपने मिलने वालों से मुस्कुरा के कहते थे कि चिंता मत करो, मैं शतक लगा के आउट होऊंगा। कोषाध्यक्ष मनीष सिंह ने कहा कि वेदा बाबू अपने समय के बेहतरीन फुटबॉलर हुआ करते थे। सभा में शामिल फाउंडेशन के अन्य पदाधिकारियों में आशुतोष झा, अखिल कुमार झा, राहुल कुमार, पियूष कुमार साह, जीत सिंह, ऋषितोष झा, प्रीतम झा, दयाशंकर, मुकेश कुमार भारती, नितेश आनंद आदि ने स्व. सिंह के तस्वीर पर पुष्पांजलि करते हुए उन्हें दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने नवनिर्वाचित विधायक रविंद्र नाथ महतो का किया अभिनंदन

नाला (जामताड़ा)-- झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ जामताड़ा इकाई के द्वारा सोमवार को नाला विधान सभा क्षेत्र से तीसरी बार निर्वाचित विधायक सह पूर्व झारखंड विधान सभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो को उनके हैट्रिक जीत के शुभ अवसर पर ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी गई। संघ के प्रधान सचिव वरुण कुमार मंडल जिला उपाध्यक्ष हरदेव यादव वरीय शिक्षक सपन मंडल पहलाद चंद्र राउत माणिक नारायण मंडल सहित अन्य शिक्षकों ने सामूहिक रूप से माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ अर्पित करते हुए सहृदय धन्यवाद ज्ञापन दिया।यह संगठन ईश्वर से प्राथना करता है कि ऐसे कर्मवीर ,जुझारु ,जन जन के मसीहा और महान समाज सेवी सदा नाला की पुण्य धरती को सुशोभित करते रहें।जब जब शिक्षक समुदाय एवं समाज में

भारताक् ब्रह्मोस रे दुनिया़ रेन होड़को हाहाड़ायेना

फिलीपींस तायोम नित पेया आर दिसा़म रेन नोआ हाताव ला़गित् ते साप्ड़ाव मेनाक्कोआ

● भारत आर रूस दो़ ब्रह्मोस मिसाइल मिला़उ तेकिन बेनाव आकादा

खोबोरिया

मास्को। भारत आर रूस दो़ मिलाव कातेक् बेनाव केदाकिन दुनियो़रेयाक् जो़तो़ खो़न स्पीड क्रुज मिसाइल ब्रह्मोस ला़गित् दुनिया़ रेयाक्हाहाड़ा ढेर इदेक् काना। चीनाक् तापाम खो़न फिलीपींस आ़ड़िसआकान तायो़म नित पेने दिसा़म रेन ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रज मिसाइलको हाताव दाड़ेयाक्आ। ब्रह्मोस एयरोप्पेसाक् संयुक्त प्रबंध निदेशक रूसरेन अलेकजेंडर बी माकसेचिन दो़य लाई़ केदा जे चीन आडेपासे दिसा़म वियतनाम दो़ दुनिया़ रेयाक् जो़तो़ खो़न माराङ मुस्लिम दिसा़मइंडोनेशिया आर सुयुक्त अरब अमीरात मिसाइल बाबो़त तेको गालमाराक्काना। ब्रह्मोस मिसाइल दो़ भारत रेन डीआरडीओ आर रूस रेन एनपीओमशिनोस्टरॉयएनिया मिला़उ कातेकिन बेनाव आकादा। एलेक्जेंडर दो़यमेन केदा जे यूएई, इंडोनेशिया आर वियतनाम पा़हिल धाव ञेल रेगेमिसाइल रे आकोवाक् रा़सका़को सो़दो़र केदा। उनी

दो़य मेनकेदा जे नोको पेने दिसा़म सो़गे ब्रह्मोस मिसाइल रेयाक् सप्लाईला़गित् ते गालमाराव होय चुका़उ काना। मेनखान उनी दो़य लाई़ केदा जे मिसाइल डील ला़गित् ते गालमाराव दो़ ओका हा़बिच् होय आकाना। फिलीपीनदो़ दुनिया़ रेन पा़हिल दिसा़मे ताहेंकाना जे ओका दो़ ब्रह्मोस मिसाइलेहाताव चुका़उ आदाय। ब्रह्मोस मिसाइल रेयाक् ञुतुम दो़ भारतरेयाक् ब्रह्मपुत्र आर रूस रेयाक् मोस्कवा गाडा रेयाक् ञुतुम रे दो़हो़ आकाना। नोआ मिसाइल दो़ भारत रेयाक् पेने सेना रे सेलेत्मेनाक्आ। नोआ मिसाइल रेयका् मारक दाड़े दो़ 300 खो़न 500 किमीटर हा़बिच् काना। नोआ मिसाइल दो़ स्टील्थ तकनीक खो़न लैस गेया,नोआ इया़ते ठू ञुर दो़ बा़ईरीको ला़गित् ते दो़ बाङ आलगावा। नित बानार ब्रह्मोस मिसाइल रेयाक् हाइपरसोनिक संस्करण रे मिला़उ कातेक्किन का़मी काना। नोआ दो़ ब्रह्मोस 2 ञुतुमको दो़हो़ आकादा। नोआ नावां मिसाइल रेयाक् मैक 6 रेयाक् हाइपर सोनिक स्पीडते बा़ईरी रे हामलाय ला़गित् ते दो़ सक्षम होयोक्आ। नावांनाक्ब्रह्मोस मिसाइल दो़ भितरी हाइपरसोनिक स्क्रैमजेट तकनीक लागाक्आ। नोआ खो़न लाहा फिलीपीन दो़ भारत सांवते एयाय बो़छो़र 2022 रे 37 करोड़ 50 लाख डॉलर टाका रेयाक् गालमाराव होय लेना। भारत दो़फिलीपीन, एंटी शिप ब्रह्मोस मिसाइले एम चुका़उ आकादेया। दुनिया़ रेढेरो़क् कान बिपा़द नित यूएई, इंडोनेशिया आर वियतनाम हो़ं भारत.रूसाक् नोआ मिसाइल सेच्किन धेयान आकादा। भारत रेयाक् नोआ पेनेदिसा़म सांवते आ़डी हेलमेल मेनाया। वियतनाव आर इंडिनेशिया दो़ ओकाचीनाक् रो़ंगदारी को़स्टो़ रे मेनाक्किना, ओन्डे यूएई दो़ ईरानआर उनी रेन प्राक्सी संगठन दो़ मिसाइल खो़न बो़तो़र जानाम आकावात्कोआ। ओना इया़ते नोको हो़ं भारत सेच् गेको धेयानाक् काना।

सिरा़मंत्री सोंगे अधिकारीको आपमेना

खोबोरिया

